RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2023-2024

सच्चाई से रुबरु

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 | अंक-151 | जयपुर, रविवार, 30 नवम्बर 2025 | मूल्य-4 रुपये

## साइक्लोन दितवाह- तमिलनाडु में बारिश, 54 फ्लाइट्स कैंसिल

### पुडुचेरी यूनिवर्सिटी ने परीक्षाएं रोकीं, श्रीलंका में 123 लोगों की मौत, 200 भारतीय फंसे

चेन्नई

श्रीलंका में तबाही मचाने के बाद साइक्लोन दितवाह भारत की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और पुडुचेरी के तटीय इलाकों में भारी बारिश के साथ तेज हवाएं शुरू हो चुकी है। शनिवार शाम तक इसके और तेज होने की संभावना है। तमिलनाडु में भारी बारिश के कारण 54 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। पुडुचेरी सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने साइक्लोन के कारण शनिवार को छुट्टी घोषित करते हुए सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। पुडुचेरी, कराईकल, माहे और यनम में सभी स्कूल और कॉलेज सोमवार तक बंद रहेंगे।

श्रीलंका में दितवाह के कारण बाढ़ और लैंडस्लाइड से 123 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। 130 से ज्यादा लापता हैं। चेन्नई की फ्लाइट्स कैंसिल होने के कारण कोलंबो एयरपोर्ट पर लगभग 300 भारतीय यात्री पिछले तीन दिनों से फंसे हुए हैं। ये सभी दुबई से श्रीलंका के रास्ते भारत आने वाले थे।



### आंध्र प्रदेश में कल से 4 दिन तेज बारिश का अलर्ट

साइक्लोन दितवाह के असर से 30 नवंबर से 3 दिसंबर तक आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में तेज बारिश होने का अनुमान है। भारतीय मौसम विभाग ढ्रख्ष्ठ के अनुसार चक्रवाती तूफान दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उत्तर श्रीलंका के पास बना हुआ है। यह पिछले छह घंटों में 10 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर दिशा की ओर बढ़ा और सुबह 11:30 बजे तक वहीं केंद्रित है। मौसम विभाग ने बताया कि कल यानी 30 नवंबर को प्रकाशम, नेल्लोर, कडप्पा और अन्नामय्या जिलों में तेज बारिश होगी।



### भारत ने श्रीलंका की मदद के लिए ऑपरेशन सागर बंधु लॉन्च किया

भारत ने साइक्लोन दितवाह से तबाही के कारण श्रीलंका की मदद के लिए शनिवार को ऑपरेशन सागर बंधु लॉन्च किया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक्स पर बताया कि भारतीय वायुसेना का आइएल-76 एयरक्राफ्ट कोलंबो पहुंच गया है। एनडीआरएफ के 80 कर्मियों की टीमों के साथ हवाई और समुद्री मार्ग से अब लगभग 27 टन राहत सामग्री पहुंचाई गई है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि साइक्लोन दितवाह 30 नवंबर को तमिलनाडु-पुडुचेरी के तट से टकराएगा। इसके कारण राज्यभर में भारी बारिश होगी। तमिलनाडु,आंध्र और पुडुचेरी में बाढ़ आ सकती है। पहाड़ी इलाकों में लैंडस्लाइड का खतरा है। इन इलाकों में अचानक सैलाब आ सकता है।

## पश्चिम बंगाल में 8 महीने बाद वक्फ संशोधन कानून लागू




कोलकाता

पश्चिम बंगाल में ममता सरकार 8 महीने के विरोध के बाद नए वक्फ संशोधन कानून को लागू करने पर राजी हो गई है। राज्य सरकार ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि राज्य की 8063 वक्फ संपत्तियों की जानकारी 6 दिसंबर 2025 तक केंद्र सरकार की वेबसाइट पर अपलोड करें। वक्फ संशोधन कानून इस साल 4 अप्रैल को संसद के दोनों सदनों से पास हुआ था। तब पश्चिम बंगाल ने इसे अपने राज्य में लागू करने से मना कर दिया था। सीएम ममता बनर्जी ने 8 अप्रैल को एक रैली में कहा था कि जब तक पश्चिम बंगाल में ममता दीदी है, मुस्लिम समुदाय की संपत्ति की रक्षा करेगी। चाहे कोई गोली मार दे, मुझे एकता से अलग नहीं किया जा सकता। बंगाल में धर्म के नाम पर बंटवारा नहीं होगा।

कानून को अदालत में चुनौती दी गई है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने नए प्रावधानों के लागू होने पर कोई रोक नहीं लगाई। इसलिए कानूनी रूप से राज्य सरकार पर इसे लागू करने की बाध्यता है।

केंद्र सरकार का साफ निर्देश है कि सभी अविवादित वक्फ संपत्तियों का रिकॉर्ड डेडलाइन (6 दिसंबर) तक पोर्टल पर अपलोड होना चाहिए। ममता सरकार इस निर्देश का पालन न करके कानूनी विवाद में नहीं फंसना चाहती।

## भारत में इंडिगो, एअर इंडिया ग्रुप की 338 फ्लाइट्स प्रभावित, सॉफ्टवेयर अपडेट हो रहा

नई दिल्ली

दुनिया में सबसे ज्यादा बिकने वाले एयरबस के ए320 सीरीज के एयरक्राफ्ट्स पर तेज सोलर रेडिएशन का खतरा मंडरा रहा है। यह फ्लाइट कंट्रोल डेटा को खराब कर सकता है, जिससे एयरक्राफ्ट्स की ऊंचाई, डायरेक्शन, कंट्रोल जैसी बेहद अहम जानकारी गलत हो सकती है। इस तकनीकी खराबी से बचने के लिए फ्रांस की विमानन कंपनी एयरबस ने सभी एयरलाइन कंपनियों से उनके बेड़े में शामिल ए320 सीरीज के विमानों के सॉफ्टवेयर अपडेट करने के निर्देश दिए हैं। इसके कारण दुनिया भर में 6,000 विमानों के ऑपरेशन पर असर पड़ सकता है।

न्यूज एजेंसी पीटीआई ने बताया कि सॉफ्टवेयर अपडेट के कारण भारत में अब तक कोई उड़ान रद्द नहीं हुई है, लेकिन कुछ उड़ानों में 60-90 मिनट की देरी हो रही है। भारत में इंडिगो, एअर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ए320 सीरीज के विमानों का संचालन करती हैं।

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के अनुसार, शनिवार सुबह 10 बजे तक कुल 338 विमानों में से 189 ए320 सीरीज के विमानों का सॉफ्टवेयर अपग्रेडेशन पूरा हो चुका है। सभी प्रभावित विमानों में सॉफ्टवेयर अपग्रेडेशन 30 नवंबर को सुबह 5:29 बजे तक पूरा होने की उम्मीद है।

यूरोपियन यूनियन एविएशन सेफ्टी एजेंसी ने एक बयान में बताया कि हाल ही में अमेरिकी एयरलाइन जेटब्लू के एक ए320 विमान में पायलट के कमांड के बिना पिच डाउन की घटना हुई। 30 अक्टूबर, 2025 को कैनकन से नेवार्क के लिए उड़ान भरने के दौरान विमान अचानक नीचे की ओर झुकने लगा।




## राजस्थान-पाकिस्तान बॉर्डर के इलाकों तक पहुंचेगी रेल- रेल मंत्री

### कार्यक्रम के बीच में नई ट्रेन का नाम बदला

जैसलमेर

राजस्थान-पाकिस्तान बॉर्डर के कई इलाकों तक ट्रेन चलाने की तैयारी है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि बॉर्डर एरिया को रेलवे लाइन से जोड़कर देश की सुरक्षा को मजबूती प्रदान की जाएगी। इसके तहत अनूपगढ़, बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर, भीलड़ी तक रेलवे लाइन बिछाई जाएगी। वैष्णव शनिवार को जैसलमेर में दिल्ली के लिए नई ट्रेन सेवा की शुरुआत के लिए पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान ही उन्होंने केंद्रीय पर्यटन मंत्री और लोगों के आग्रह पर इस ट्रेन का नाम जैसलमेर-शकूर बस्ती-जैसलमेर से बदलकर स्वर्णनगरी एक्सप्रेस कर दिया। उन्होंने वन स्टेशन वन प्रोडक्ट योजना वाली दुकान से शॉपिंग भी की।





**राजस्थान में चल रहे 55 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट**

रेल मंत्री ने बताया कि बॉर्डर एरिया में रेलवे लाइन का डीपीआर बन रहा है। कुछ ही महीनों में डीपीआर बनकर तैयार हो जाएगा। इसमें पूरे सीमावर्ती इलाकों को जोड़ने का पूरा प्रयास रहेगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान में अभी करीब 55 हजार करोड़ के रेलवे के प्रोजेक्ट चल रहे है। जिनमें 85 स्टेशनों का पुनर्निर्माण का काम चल रहा है। रेलवे के और भी कई प्रोजेक्ट पर यहां काम चल रहा है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 'स्वर्णनगरी एक्सप्रेस' का 1 दिसंबर से नियमित संचालन होगा। जैसलमेर स्टेशन का विकास कार्य भी एक महीने में पूरा हो जाएगा। पूरी कोशिश रहेगी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इसका उद्घाटन करवाया जाए। जैसलमेर से जोधपुर को जोड़ने वाली लाइन को अपग्रेड किया जाएगा।

**सीमा सुरक्षा और रेलवे विकास पर बड़े बयान :** कार्यक्रम के दौरान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि बॉर्डर क्षेत्रों में रेल लाइन का विस्तार केवल विकास का साधन नहीं, बल्कि यह देश की सुरक्षा रणनीति का हिस्सा है। सीमावर्ती जिलों में तेज और सुरक्षित रेल संपर्क सेना की तैनाती, लॉजिस्टिक्स और राहत कार्यों को समय पर पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाएगा। राजस्थान में वर्तमान समय में करीब 55 हजार करोड़ रुपए के रेलवे प्रोजेक्ट संचालित हैं और 85 रेलवे स्टेशनों को नए रूप में विकसित किया जा रहा है इन स्टेशनों के डिजाइन में राजस्थान की संस्कृति और स्थापत्य की झलक देखने को मिलेगी। जैसलमेर में नया कोचिंग मेंटेनेंस डिपो भी तैयार किया जा रहा है, जिससे भविष्य में यहां से कई नई ट्रेनों की शुरुआत की संभावना बढ़ जाएगी। रेल मंत्री ने बताया कि जैसलमेर से जोधपुर के बीच रेलवे लाइन को भी अपग्रेड किया जाएगा, ताकि यात्री और मालगाड़ी दोनों के संचालन में गति और क्षमता बढ़ाई जा सके।

## देर रात 26 आरपीएस के ट्रांसफर

### पुराने आदेशों के 5 तबादले रद्द, गृह विभाग ने जारी किए आदेश

जयपुर

राजस्थान सरकार के गृह (ग्रुप-1) विभाग की ओर से शुक्रवार देर रात एक आदेश जारी किया जिसमें राजस्थान पुलिस सेवा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त स्तर के अधिकारियों के व्यापक स्तर पर ट्रांसफर किए गए। आदेश के अनुसार सभी अधिकारियों को नए पदस्थापन पर तुरंत प्रभाव से कार्यभार संभालने के निर्देश दिए गए हैं। इस लिस्ट में जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, झालावाड़, अजमेर, करौली, दौसा, अलवर, डूंगरपुर सहित कई जिलों और रेंजों में ट्रांसफर शामिल हैं। कई अधिकारियों को महिला अपराध अनुसंधान सैल, लीव रिजर्व, अपराध एवं सतर्कता, डिस्कॉम और प्रोटोकॉल जैसी विशेष इकाइयों में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। विनोद कुमार सीपा को अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त इन्वेस्टिगेशन, पुलिस आयुक्तालय जयपुर से बदलकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, लालसोट (दौसा) लगाया गया।

## राजस्थान में शीतलहर की चेतावनी: उत्तरी हवा का प्रभाव बढ़ने से सर्दी तेज होगी, 5 जिलों में आज और कल घना कोहरा छाएगा

जयपुर

राजस्थान में बारिश के बाद अब शनिवार (आज) से सर्दी तेज होगी। भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद समेत 5 जिलों में शनिवार और रविवार को घने कोहरे का अलर्ट है। 1 दिसंबर से राजस्थान में उत्तरी हवा का प्रभाव बढ़ने से कोल्ड-वेव शुरू हो जाएगी। 2 दिसंबर को सीकर, चूरू, झुंझुनूं और नागौर में कोल्ड-वेव का येलो अलर्ट जारी किया है।

पिछले 24 घंटे के दौरान जयपुर, सीकर समेत कुछ शहरों में हल्की बारिश हुई। दिन में हल्के बादल छाए रहे। देर शाम प्रदेश में मौसम साफ हो गया और ठंडक बढ़ गई। शुक्रवार दिन में सबसे ज्यादा ठंडा इलाका सिरोही रहा।

यहां का अधिकतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। करौली में अधिकतम तापमान 23.7, डूंगरपुर में 25.8, नागौर, बारां में 26, श्रीगंगानगर में 24.9, चूरू में 26.1, बीकानेर में 26, जोधपुर में 28.8, जैसलमेर में 27.8, कोटा, सीकर में 26.1, जयपुर में 25.6, अलवर में 24, टोंक में 25.6, भीलवाड़ा में 26.2 और अजमेर में 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### बादल छाने से रात का पारा चढ़ा

इससे पहले प्रदेश के कई शहरों में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बादल छाए रहे, जिससे न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई। अलवर, फतेहपुर और करौली को छोड़कर शुक्रवार को शेष सभी शहरों का न्यूनतम तापमान डबल डिजिट यानी 10 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ।

जालोर में न्यूनतम तापमान 17.1, प्रतापगढ़ में 16.1, झुंझुनूं में 12, दौसा में 10.4, नागौर में 11.3, श्रीगंगानगर में 10.1, चूरू में 10.5, उदयपुर में 15, कोटा में 14.4, चित्तौड़गढ़ में 14.2, सीकर में 13, पिलानी में 10, जयपुर में 15.2 और अजमेर में 15.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## नेशनल हेराल्ड केस पर फैसला तीसरी बार टला

नई दिल्ली

नेशनल हेराल्ड केस में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट का फैसला तीसरी बार टल गया है। कोर्ट का यह तय करना है कि मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लें या नहीं।

चार्जशीट में प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सैम पित्रोदा, सुमन दुबे और दूसरे कई सीनियर कांग्रेसी नेताओं के नाम हैं।

ईडी ने इन नेताओं पर एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड से जुड़ी फाइनेंशियल गड़बड़ियों का आरोप लगाया है। यह कंपनी ही असल में नेशनल हेराल्ड अखबार पब्लिश करती थी। कोर्ट ने 14 जुलाई को बहस पूरी होने के बाद फैसला 29 जुलाई तक के लिए सुरक्षित रखा था। इसके बाद 8 अगस्त और 29 नवंबर को फैसला टला। अब कोर्ट 16 दिसंबर को फैसला सुनाएगी।

## आतंकी डॉक्टर्स के मददगारों पर एनआईए लेगी बड़ा एक्शन

### हरियाणा, यूपी, जम्मू एंड कश्मीर के 5 शहरों की लिस्ट तैयार, छिपने के ठिकाने, वाहन और फाइनेंस मुहैया कराया

फरीदाबाद

दिल्ली ब्लास्ट के आतंकी मॉड्यूल में शामिल डॉक्टर्स के जमीनी मददगारों पर नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी बड़ा एक्शन लेने की तैयारी में है। ये वो लोग हैं, जिन्होंने आतंकी मॉड्यूल को लॉजिस्टिक सपोर्ट, शेल्टर, वाहन और फाइनेंस मुहैया कराया। हरियाणा में फरीदाबाद-नूंह-गुरुग्राम के अलावा यूपी के लखनऊ, कानपुर, सहारनपुर और जम्मू-कश्मीर में ऐसे संदिग्धों की लिस्ट तैयार की गई है। एनआईए को सबूत मिले हैं कि यूपी और हरियाणा के कई शहरों में इनसे जुड़े ये वर्कर सक्रिय थे। फरीदाबाद से जांच एजेंसी ने दर्जन भर ऐसे लोगों को हिरासत में लिया है, जिन पर इनको मदद करने का आरोप है। यह पहले ही सामने आ चुका है कि



डॉ. मुजम्मिल शकील, डॉ. शाहीन सईद और डॉ. उमर नबी मरीजों की मदद के बहाने ऐसे शिकार ढूंढते थे, जिनका वो जरूरत पड़ने पर इस्तेमाल कर सकें। ये डॉक्टर मरीजों के घर तक पहुंच जाते थे और उनके परिवार का बारीकी से जायजा लेते थे।

एनआईए की जांच में सामने आया है कि दिल्ली ब्लास्ट में पूरा एक डॉक्टर नेटवर्क काम कर रहा था। ये डॉक्टर सुरक्षा एजेंसियों से बचने के लिए अस्पतालों, क्लीनिकों और मेडिकल सेटअप को कवर की तरह इस्तेमाल कर रहे थे। इस नेटवर्क में अच्छे पढ़े-लिखे लोगों को शामिल किया गया था।

एनआईए की प्रारंभिक जांच अभी लखनऊ, कानपुर, सहारनपुर, फरीदाबाद और जम्मू-कश्मीर पर केंद्रित है। इनमें जांच एजेंसियों के लगातार हाई-इंटेंसिटी रेड और इंटेलिजेंस ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं। जांच एजेंसी के सूत्रों के मुताबिक इस आतंकी मॉड्यूल की बी टीम पर बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी है। इसमें वो लोग शामिल हैं, जो सीधे धमाके में शामिल नहीं रहे, लेकिन इस आतंकी मॉड्यूल में शामिल डॉक्टर्स को छुपाने और सपोर्ट में सक्रिय थे। उनकी पहचान हो चुकी है।

### मेडिकल इंस्टीट्यूट को आतंकी बनाते थे कवर

जांच में सामने आया है कि ये लोग अस्पतालों और मेडिकल इंस्टीट्यूट का इस्तेमाल एक कवर की तरह कर रहे थे। फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी को एक कवर के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा था। जहां पर इन आतंकी डॉक्टरों ने विस्फोटक और हथियारों को छिपाया था। यहीं से 2900 किलो विस्फोटक सामग्री को गांव धौज और गांव फतेहपुरा तगा में शिफ्ट किया गया था।

फरीदाबाद और सहारनपुर में बरामद वाहनों की फोरेंसिक जांच पूरी कर ली गई है। कानपुर में किराए के मकानों, संभावित सेफ हाउस और संदिग्ध मेडिकल इंस्टीट्यूट की तलाश जारी है। सूत्रों के अनुसार, चैट, कॉल डेटा और डिजिटल फुटप्रिंट ने साफ किया है कि यह आतंकी नेटवर्क कई राज्यों में फैला हुआ था।

### आसिम मुनीर को मिली बेहिसाब ताकत से संयुक्त राष्ट्र चिंतित, कहा-

## पाकिस्तान के संविधान में बदलाव ठीक नहीं, इससे सेना बेलगाम, अदालत कमजोर होगी

न्यूयॉर्क

पाकिस्तान में हुए संविधान संशोधन को लेकर संयुक्त राष्ट्र ने चिंता जताई है। यूएन ह्यूमन राइट एजेंसी के हाई कमिश्नर वोल्कर टर्क ने चेतावनी दी है कि 27वां संविधान संशोधन न्यायपालिका की स्वतंत्रता को कमजोर कर सकता है। टर्क ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि यह बदलाव उन जरूरी कानूनी नियमों (रूल ऑफ लॉ) को भी कमजोर कर सकता है, जिनसे देश में कानून-व्यवस्था बनी रहती है। पाकिस्तान में 12 नवंबर को संसद ने सेना की शक्तियों को बढ़ाने और सुप्रीम कोर्ट की ताकत कम करने वाले 27वें संवैधानिक संशोधन को मंजूरी दी थी। इस दौरान संविधान के 48 अनुच्छेदों में बदलाव किए गए थे। टर्क ने पाकिस्तान से कहा कि वह इस संशोधन की समीक्षा करे और ऐसे बदलाव करे, जिनसे देश की संस्थाएं मजबूत हों, कमजोर नहीं। संयुक्त राष्ट्र की यह चिंता ऐसे समय में आई है जब पाकिस्तान की सेना में बड़े बदलाव हो रहे हैं। सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने 27 नवंबर को देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज के रूप में कार्यभार संभाला है। यह नया पद भी इसी संवैधानिक संशोधन के तहत बनाया गया है।



27वें संविधान संशोधन का एक बहुत खास हिस्सा है नेशनल स्ट्रैटजिक कमांड का गठन। यह कमांड पाकिस्तान के परमाणु हथियारों और मिसाइल सिस्टम की निगरानी और नियंत्रण करेगी।

अब तक यह जिम्मेदारी नेशनल कमांड अथॉरिटी के पास थी, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री करते थे, लेकिन अब से हृस्ट के पास इसकी जिम्मेदारी हो जाएगी। एनएससी का कमांडर भले ही प्रधानमंत्री की मंजूरी से नियुक्त होगा, लेकिन यह नियुक्ति सेना प्रमुख की सिफारिश पर ही होगी। सबसे जरूरी यह पद सिर्फ आर्मी के अफसर को ही दिया जाएगा। इससे देश के परमाणु हथियारों का नियंत्रण अब पूरी तरह सेना के हाथ में चला जाएगा।

# अखिलेश यादव ने एसआईआर अभियान को देशवासियों के खिलाफ एक बहुत बड़ी साज़िश बताया

लखनऊ (एजेंसी)। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान पर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने एसआईआर अभियान को देशवासियों के खिलाफ एक बहुत बड़ी साज़िश बताया, जो उनके अनुसार, अंग्रेजों की गुलामी से भी खराब स्थिति में ले जाएगी। उन्होंने एसआईआर प्रक्रिया को लोकतंत्र के साथ धोखाधड़ी करार देकर जनता से जागरूक होने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि आज वोट काटा जा रहा है, कल को खेत-ज़मीन-मकान-राशन-जाति-आरक्षण से नाम काटा जाएगा, और फिर बात खातों और मध्यम वर्ग के लॉकर तक पहुंच जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा, भाजपा के संगी-साथी और भाजपा सरकार की तिकड़ी व निर्वाचन आयोग के कुछ भ्रष्ट लोग मिलकर पूरी चुनावी व्यवस्था का अपहरण कर रहे हैं। उन्होंने देशवासियों से सारे काम छोड़कर एसआईआर की घपलेबाजी को रोकने और वोट के रूप में अपनी पहचान को बचाने की अपील की। अखिलेश ने सभी विपक्षी दलों के साथ-साथ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सभी सहयोगी दलों से भी एकजुट होने और भाजपा के इस महा-षड्यंत्र का पर्दाफाश करने का आह्वान किया। उन्होंने राजग सहयोगियों को आगाह किया कि जो दल भाजपा को अपना सहयोगी मान रहे हैं, सबसे पहले भाजपा उन्हीं का ख़ात्मा करेगी।

# चित्तौड़गढ़ के गोल्डमैन खटीक को रोहित गोदारा गैंग से प्रोटेक्शन मनी की धमकी

चित्तौड़गढ़ (एजेंसी)। राजस्थान के चित्तौड़गढ़ के कन्हैयालाल खटिक (जिन्हें गोल्डमैन और बप्पी लाहिरी के नाम से जाना जाता है) को रोहित गोदारा गैंग के नाम पर 5 करोड़ की प्रोटेक्शन मनी की धमकी मिली है। बात दें कि पीड़ित कन्हैयालाल खटिक की उम्र 50 वर्ष हैं, और वे एक फल कारोबारी है। वह करीब साढ़े तीन किलो सोना पहनकर घूमते हैं, जिसकी कीमत लगभग 50 लाख रुपये है। वह अखिल भारतीय खटीक समाज के राजस्थान में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। उन्हें दो दिन पहले एक मिस्ड कॉल, फिर वॉट्सएप कॉल और एक ऑडियो रिकॉर्डिंग मिली, जिसमें 5 करोड़ रुपये की मांग की गई है। धमकी में कहा गया है कि रकम न देने पर वह सोना पहनने लायक नहीं रह जाएंगे। बात दें कि रोहित गोदारा, बीकानेर के लूणकरणसर का निवासी है, माना जाता है कि वह कनाडा में रहकर गैंग चलाता है। उस पर पहले भी फिरौती वसूली के आरोप लगे हैं और उसका नाम सिद्धू मूसेवाला की हत्या में भी आया था। उसके खिलाफ इंटरपोल रेड नोटिस जारी है। कन्हैयालाल खटिक ने कोतवाली पुलिस थाने में केस दर्ज कराया है।

# कपिल शर्मा के 'कैप्स कैफे' पर फायरिंग का साजिशकर्ता दिल्ली से गिरफ्तार

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने कनाडा में कॉमेडियन कपिल शर्मा के 'कैप्स कैफे' पर फायरिंग कराने के मुख्य साजिशकर्ता को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। इस गैंगस्टर की पहचान बंधु मान सिंह सेखों के रूप में हुई है, जो गोल्डी ढिल्लो गैंग का भारत-कनाडा बेस्ड हैंडलर बताया जा रहा है और उसके खिलाफ कई क्रिमिनल केस दर्ज है। क्राइम ब्रांच ने उसके कब्जे से हाई-एंड पीएक्स-3 पिस्टल 8 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस साल जुलाई में खुले कनाडा के सरे इलाके में कपिल शर्मा के 'कैप्स कैफे' को सबसे पहले 10 जुलाई को अज्ञात लोगों ने निशाना बनाया था। उसके बाद 7 अगस्त और 16 अक्टूबर को कैफे पर दो और हमले हुए। कपिल शर्मा ने मुंबई में कहा था कि कनाडा में उनके कैफे पर फायरिंग की तीन घटनाओं ने अधिकारियों को देश में ऐसे हमलों के खिलाफ कार्रवाई करने पर मजबूर कर दिया है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि वहां के नियम और पुलिस के पास शायद ऐसी घटनाओं को कंट्रोल करने की शक्ति नहीं है, लेकिन जब हमारा मामला हुआ, तो यह संघीय सरकार के पास गया और कनाडा की संसद में इस पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि भगवान जो भी करते हैं, हमें उसके पीछे की कहानी पता नहीं चलती...मुझे वहां से बहुत से लोगों के कॉल आए जिन्होंने मुझे बताया कि बहुत कुछ हो रहा था। शर्मा ने कहा कि मैंने मुंबई या हमारे देश में कहीं भी कभी असुरक्षित महसूस नहीं किया। मुंबई जैसा कोई दूसरा शहर नहीं है।

# आतंकवाद से जुड़े हवाला रैकेट का पर्दाफाश, मुंबई कस्टम्स का दो दशकों में सबसे बड़ी कार्रवाई

मुंबई (एजेंसी)। सीमा शुल्क विभाग (कस्टम्स) ने एक बिना अनुमति वाले हवाला रैकेट के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। कंपनी मेसर्स एच.एम.फॉरेक्स प्राइवेट लिमिटेड से कुल 7 लाख रुपये की विदेशी करेंसी और 2 करोड़ रुपये के भारतीय करेंसी नोट ज़ब्त किए गए हैं। यह पूरी रकम हसन मोहम्मद करोडिया उर्फ ??हसन गोगा से ज़ब्त की गई है। मिली जानकारी के अनुसार गुप्तचर विभाग को गुप्त जानकारी मिली थी कि हसन गोगा नाम के हवाला कारोबारी के पास विदेश से बड़ी मात्रा में विदेशी करेंसी की स्मगलिंग की जा रही है। जिसके बाद कस्टम्स विभाग ने जाल बिछाया और गोगा के ऑफिस पर छापा मारा। इस छापे में गोगा के पास से बड़ी मात्रा में भारतीय करेंसी नोट मिले और पता चला है कि वे संदिग्ध हैं। इसलिए, शुरुआती जांच में गोगा के आतंकवादी संगठनों से लिंक होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। देश की आर्थिक सुरक्षा के नज़रिए से इस मामले में अभी पूरी जांच चल रही है। जांच में पता चला है कि गोगा विदेश से आने वाले यात्रियों के ज़रिए भारत में विदेशी करेंसी लाता था। वह इस काम के लिए बड़ी संख्या में छात्रों का इस्तेमाल करता था। भारत आने के बाद वह उस फॉरेन करेंसी को इंडियन करेंसी के बदले खरीद लेता था। इसी तरह वह रेगुलर तौर पर विदेश जाने वाले यात्रियों के ज़रिए फॉरेन करेंसी को भारत से बाहर भेजता था। इस पूरे एक्सचेंज में दुबई और दूसरे गल्फ देशों से आने-जाने वाले लोगों का खास तौर पर इस्तेमाल होता था। इसलिए, जांच अधिकारियों को अहम सुराग मिले हैं कि यह नेटवर्क सीधे तौर पर अंतरराष्ट्रीय हवाला और स्मगलिंग रैकेट से जुड़ा हुआ है। हसन गोगा को 26 नवंबर को कस्टम्स एक्ट के सेक्शन 1962 और फेमा (फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट) के उल्लंघन के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

# हाईकमान के आदेश के इंतजार में सिद्धारमैया-शिवकुमार, उधर जातीय संगठनों ने दिया अल्टीमेटम



**बेंगलुरु(एजेंसी)।** कर्नाटक में सत्ता के ढाई साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री पद को लेकर कांग्रेस के भीतर चल रहा तनिहित संकट अब खुलकर सड़क पर आ गया है। सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के समर्थक जातीय संगठन एक-दूसरे के खिलाफ मोर्चा खोल चुके हैं और दोनों पक्ष पार्टी हाईकमान को खुली चेतावनी दे रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक संसद के शीतकालीन सत्र (1 दिसंबर से) शुरू होने से पहले इस विवाद को सुलझाने की कोशिश तेज हो गई है। माना जा रहा है कि मई 2023 में हुई कथित ÷सीक्रेट डील÷(ढाई-ढाई साल का फॉर्मूला) ही मौजूदा तनाव की जड़ है।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पहले ही दोनों नेताओं को दिल्ली बुलाकर बैठक करने के संकेत दे चुके हैं। सिद्धारमैया ने कहा, अगर बुलाया जाएगा तो जरूर जाऊंगा। वहीं डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार का बयाना था, सीएम और मैं मिलकर चर्चा करेंगे, फिर जाएंगे। पहले 28-29 नवंबर को दिल्ली में बैठक की चर्चा थी, लेकिन आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

दूसरी तरफ वोक्कलिगा समुदाय के संगठन भी पीछे नहीं हैं। वोक्कलिगा संघ ने पार्टी से अपील की है कि डीके शिवकुमार को तुरंत मुख्यमंत्री बनाया जाए। संघ के अध्यक्ष श्रीनिवास ने कहा, 'शिवकुमार दिन-रात बिना थके पार्टी के लिए काम कर रहे हैं, वे इसके हकदार हैं। अगर उन्हें मौका नहीं मिला तो संतों के मार्गदर्शन में पूरे समुदाय के साथ बड़ा आंदोलन करेंगे।' पूर्व अध्यक्ष बी केंचप्पागौड़ा ने और सख्त लहजे में कहा, 'अगर शिवकुमार को अनुचित तरीके से दरकिनार किया गया तो अगले चुनाव में कांग्रेस को समुदाय सबक सिखाएगा।' कर्नाटक स्टेट फेडरेशन ऑफ बैकवर्ड क्लास कम्युनिटीज (केएसएफबीसीसी) ने साफ चेतावनी दी है कि अगर सिद्धारमैया को हटाने की कोशिश हुई तो इसका खामियाजा कांग्रेस को भुगतना पड़ेगा। अध्यक्ष केएम रामचंद्रप्पा ने कहा, 'जो लोग जाति जनगणना के खिलाफ हैं, वही सीएम को हटाने पर तुले हैं। अहिंदा (अल्पसंख्यक-ओबीसी-दलित) समुदाय चुप नहीं बैठेगा। धमकियां नई नहीं हैं, आजादी के बाद से चल रही हैं, लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं।'

गुरुवार को भी मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अपना सरकारी कामकाज जारी रखा, लेकिन एक दिन पहले बुधवार को उन्होंने अपने विश्वस्त माने जाने वाले वरिष्ठ नेताओं-विधायकों से बंद कमरे में लंबी बैठक की। इसमें गृह मंत्री जी परमेश्वर, पीडब्ल्यूडी मंत्री सतीश जरकिहोली, राजस्व मंत्री कृष्णा बायरे गौड़ा (रिपोर्ट में नाम नहीं लेकिन आमतौर पर शामिल रहते हैं), एचसी महादेवप्पा, के वेंकटेश और पूर्व मंत्री केएन राजन्ना जैसे अहिंदा खेमे के दिग्गज शामिल थे। कुल मिलाकर कर्नाटक कांग्रेस ढाई साल के फॉर्मूले पर बुरी तरह उलझ गई है। दोनों तरफ के जातीय संगठन सड़क पर उतर आए हैं और हाईकमान पर दबाव बना रहे हैं। आने वाले दो-तीन दिन में दिल्ली से जो भी फैसला आएगा, वह न सिर्फ कर्नाटक बल्कि पूरे दक्षिण भारत की कांग्रेस राजनीति की दिशा तय करेगा।

# संसद के शीतकालीन सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक 30 नवबंर को

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने 30 नवंबर को संसद के शीतकालीन सत्र से पहले एक सर्वदलीय बैठक बुलाई है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के अनुसार, बैठक का मुख्य उद्देश्य विपक्ष के नेता के साथ विधेयकों की सूची साझा करना और उनके सुझाव लेना है। विभिन्न विभागों के सचिवों के साथ लंबित विधेयकों की समीक्षा के बाद, सर्वदलीय बैठक में विपक्षी नेताओं के सुझावों के अनुसार शीतकालीन सत्र के लिए रणनीति बनाई जाएगी। संसद का शीतकालीन सत्र 1 दिसंबर से 19 दिसंबर तक चलेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सरकार के इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। 19 दिनों की अवधि में कुल 15 बैठकें होनी हैं।

### चंडीगढ़ संशोधन विधेयक पर स्पष्टीकरण

विधेयक-संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2025 के तहत चंडीगढ़ को अनुच्छेद 240 के तहत शामिल किए जाने की अटकलें हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि यह प्रस्ताव केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के लिए केंद्र सरकार की कानून बनाने की प्रक्रिया को सरल बनाने के उद्देश्य से अभी भी विचाराधीन है। मंत्रालय ने कहा कि इस प्रस्ताव का इरादा चंडीगढ़ के शासन या प्रशासनिक ढांचे में बदलाव करना या चंडीगढ़ और पंजाब या हरियाणा राज्यों के बीच पारंपरिक व्यवस्थाओं को संशोधित करना नहीं है। इस मामले पर कोई भी निर्णय सभी हितधारकों के साथ पर्याप्त परामर्श के बाद ही लिया जाएगा, ताकि चंडीगढ़ के हितों की पूरी तरह से रक्षा हो सके।

# एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग के ऑफिस पहुंचा टीएमसी का प्रतिनिधिमंडल

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया को लेकर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और केंद्र सरकार/भाजपा के बीच एक बड़ा राजनीतिक टकराव पैदा हो गया है। तृणमूल कांग्रेस का एक 10 सांसदों का प्रतिनिधिमंडल, जिसका नेतृत्व राज्यसभा में संसदीय दल के नेता डेरेक ओ' ब्रायन ने किया, शुक्रवार को चुनाव आयोग के दफ्तर पहुंचा और एसआईआर प्रक्रिया पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। टीएमसी के प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग को लिखित शिकायत सौंपी। उनका मुख्य आरोप है कि एसआईआर के नाम पर भाजपा और चुनाव आयोग मिलकर लाखों मतदाताओं के नाम काटने की साजिश रच रहे हैं। टीएमसी का दावा है कि यह साजिश खास तौर पर अल्पसंख्यक बहुल इलाकों और तृणमूल समर्थक क्षेत्रों में बड़ी संख्या में नाम हटाने पर केंद्रित है। अन्य विपक्षी दलों का भी कहना है कि सत्तारूढ़ दल भाजपा वोट काटने के मकसद से एसआईआर करा रही है ताकि मौजूदा राजनीतिक स्थिति को अपने पक्ष में किया जा सके।




वहीं केंद्र सरकार और चुनाव आयोग प्रक्रिया को मतदाता सूची को शुद्ध करने के लिए आवश्यक बता रहे हैं। केंद्र सरकार का कहना है कि एसआईआर प्रक्रिया का उद्देश्य फर्जी मतदाताओं को चिन्हित करके उन्हें मतदान के अधिकार से वंचित करना है। संविधान के अनुसार, केवल 18 वर्ष से अधिक उम्र के भारत के नागरिक को ही मतदान का अधिकार है। केंद्र सरकार का दावा है कि भारत में बड़ी संख्या में अन्य देशों के नागरिक (विशेष रूप से बांग्लादेशी) फर्जी दस्तावेज बनवाकर भारतीय नागरिक के रूप में रह रहे हैं और मतदान कर रहे हैं। उनका कहना है कि एसआईआर के तहत इसतरह के अवैध मतदाताओं को चिन्हित किया जा रहा है और उन्हें उनके देश भेजा जा चुका है।

# निर्माणाधीन एक्सप्रेसवे पर 140 की स्पीट से गाड़ी दौड़ाकर गडकरी ने परखी गुणवत्ता

## -यह देख लोग बोले- शानदार एक्सप्रेसवे, प्रोजेक्ट समय पर पूरा करने के दिए निर्देश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पूरे देश में एक्सप्रेसवे और हाईवे का नेटवर्क बिछा दिया है। कई जगह काम चल रहा है। गडकरी खुद इसकी मोनिटरिंग कर रहे हैं और निर्माणाधीन एक्सप्रेसवे में जाकर गुणवत्ता की जांच कर रहे हैं। इतना ही नहीं एक्सप्रेसवे पर अपने वाहन को तेज दौड़ाकर भी इसकी गुणवत्ता परख रहे हैं, जिससे सफर के दौरान वहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को परेशानी न हो। इस तरह एक एक्सप्रेस के निरीक्षण के दौरान उनकी गाड़ी 140 की स्पीड में दौड़ी और वह आगे बैठकर देखते रहे।

दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे तैयार होने वाला है। यह कई पैकेज में बनाया जा रहा है, जैसे-जैसे पैकेज तैयार होते जा रहे हैं, उसे आम लोगों के लिए खोला जा रहा है। नितिन गडकरी इस ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे वड़ोदरा मुंबई एक्सप्रेसवे के पैकेज छह और सात के निरीक्षण के लिए गए। इस दौरान उनके साथ मंत्रालय और एनएचएआई के सभी अधिकारी मौजूद थे। गडकरी ने एक्सप्रेसवे का रिव्यू किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ कुछ प्रोजेक्ट को समय पूरा करने के भी निर्देश दिए, क्योंकि कई जगह काम धीमा चल रहा है।



रिव्यू करने के बाद वे अपनी गाड़ी में बैठे और गाड़ी 140 किमी की स्पीड से दौड़ाई। इतनी स्पीड इसलिए रखी, जिससे पता चल सके कि अगर लोग अपना वाहन इस स्पीड से दौड़ाएंगे तो उनकी गाड़ी में झटके तो नहीं लगेंगे। वे सुविधाजनक और सुरक्षित सफर कर सकें। यह देखकर लोगों ने कहा कि बहुत ही शानदार एक्सप्रेसवे बन रहा है। वडोदरा-मुंबई ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे कुल 380 किमी लंबा है, जिसमें से पैकेज-6 और 7 महाराष्ट्र के पालघर-ठाणे इलाके में आते हैं।

भारतीय रेलवे द्वारा तैयार की गई सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदेभारत एक्सप्रेस 180 किमी प्रति घंटे की स्पीड के हिसाब से डिजाइन की गई है, लेकिन 160 की स्पीड में दौड़ सकती है। मौजूदा समय दिल्ली से भोपाल वाली ट्रेन आगरा तक ही 160 की स्पीड में दौड़ती है, अन्य सभी ट्रेनें 100 से 130 किमी की स्पीड से दौड़ती हैं, इसलिए नितिन गडकरी की गाड़ी वंदेभारत की स्पीड से दौड़ी।

एनएचएआई दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे का निर्माण कर रहा है, जिसकी लंबाई 1250 किमी है। नौ फेज में बन रहे एक्सप्रेसवे का 80 फीसदी से ज्यादा काम पूरा हो चुका है। छठवां और सातवां पैकेज इसी एक्सप्रेस का हिस्सा है। इससे दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र के तमाम शहरों के लोगों का आवागमन आसान होने जा रहा है। कुछ पैकेज पहले ही खोले जा चुके हैं और ट्रैफिक चल रहा है।

# अजित पवार ने मुंबई की मतदाता सूची पर सवाल उठाए... लाखों डुप्लीकेट मतदाता

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने मुंबई की मतदाता सूची पर सवाल उठा दिए हैं। उन्होंने कहा है कि लिस्ट में लाखों डुप्लीकेट मतदाता होने की बात कही हैं। अजित पवार का बयान तब आया है, जब देश भर में एसआईआर यानी विशेष मतदाता पुनरीक्षण का काम जोर पकड़ रहा है। साथ ही बीएमसी चुनाव की तैयारियां भी जारी हैं। राज्य के कई स्थानीय निकायों के चुनाव दो दिसंबर को होने वाले हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और शिवसेना की रैली में पवार ने कहा, मुंबई में दोहरे, तिहरे और चौगुने मतदाताओं की संख्या करीब 11 लाख है। हाल ही में एक ट्रेंड देखा गया है, जहां अगर किसी के पक्ष में मतदान नहीं हो रहा है, तब कुछ मतदाताओं को अलग वार्डों में भेज दिया जाता है।



मैंने निर्वाचन आयोग से सूची में हुई गलतियों को सुधारने का अनुरोध किया है। ऐसा सालों से हो रहा है। महाराष्ट्र में इस तरह की डबल, ट्रिपल वोटिंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी। रहीमतपुर नगर परिषद चुनावों से पहले रैली में उन्होंने मेयर पद के लिए नंदन सुनील माने का समर्थन किया। उन्होंने कहा, चुनाव धमकियां देकर नहीं जीते जाते। मतदाताओं से बदतमीजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डॉक्टर बाबासाहब आंबेडकर ने हर जाति और धर्म, अमीर और गरीब के लिए वोट के समान अधिकार सुनिश्चित किए हैं। अगर कोई अधिकारी जानबूझकर या अनजाने में गलती कर रहा है, तब उस तत्काल सुधारा जाना चाहिए। लोगों को फैसला करने दें कि वे किसे जीतते देखना चाहते हैं। पवार के 'वोट तुम्हारे हाथ में है, तब निधि हमारे हाथ में है' वाले बयान पर राकंवा (एसपी) चीफ शरद पवार ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि पैसों का वादा कर वोट मांगना गलत है। अजित पवार ने पिछले सप्ताह पुणे जिले की बारामती तहसील के मालेगांव में मतदाताओं से कहा कि यदि वे उनकी पार्टी के उम्मीदवारों को चुनते हैं, तब शहर के लिए पैसों की कमी नहीं होने दी जाएगी, लेकिन अगर मतदाताओं ने उन्हें नकार दिया गया, तब मैं भी नकार दूंगा।

# दिल्ली बम धमाकों ने आतंकवाद से जुड़े कई मिथकों को तोड़ दिया : राम माधव

नई दिल्ली,(एजेंसी)। आरएसएस नेता राम माधव ने दिल्ली लाल किला ब्लास्ट से जुड़े एक आतंकी मॉड्यूल के बारे में बयान दिया है। संघ के नेता राम माधव ने अल फलाह यूनिवर्सिटी से सामने आए डॉक्टर मॉड्यूल और लाल किले के पास हुए आतंकी हमले के मुख्य आरोपी (जो कि एक डॉक्टर था) के बारे में कहा कि आतंकवाद से जुड़े कई मिथकों को तोड़ा है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर अब तक यह माना जाता था कि आतंकवाद का शिक्षा से कोई लेना-देना नहीं है और यह गरीबी का परिणाम है। लेकिन लाल किला ब्लास्ट की घटना ने साबित कर दिया है कि आतंकवाद का शिक्षा या गरीबी से कोई लेना-देना नहीं है। यह एक धारणा (परसेप्शन), एक सोच (आइडियोलॉजी) का परिणाम है। उन्होंने उदाहरण देकर बताया कि ओसामा बिन लादेन इंजीनियर था और अल-जवाहिरी डॉक्टर था, फिर भी आतंकवादी थे। उन्होंने इस बात को खारिज किया कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। उन्होंने यह स्वीकार किया कि किसी एक धर्म को पूरी तरह से आतंकवाद से नहीं जोड़ा जा सकता। एक आतंकवादी का अपना धर्म होता है। लोग धार्मिक आधार पर आतंक की तरफ बढ़ रहे हैं। दिल्ली ब्लास्ट का मुख्य आतंकी अपने कृत्यों को सही ठहराने के लिए कुरआन की आयतों का हवाला दे रहा था। हमें अब यह मानना पड़ेगा कि आतंकवादियों की धार्मिक प्रेरणा होती है।

# धुएं का अलर्ट: दिल्ली-अहमदाबाद फ्लाइट की कराना पड़ी इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली से अहमदाबाद जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 2939 गुरुवार को बड़ा हादसा होने से बाल-बाल बची। टेकऑफ के ठीक बाद कॉकपिट में कार्गो होल्ड से धुएं का इंडिकेशन मिला, जिससे क्रू ने तुरंत एहतियाती कदम उठाए। स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोटोकॉल का पालन करते हुए पायलटों ने फ्लाइट को दिल्ली वापस लौटाया और सुरक्षित लैंड कराया। एयर इंडिया के अधिकारी ने बताया कि अलर्ट के बाद क्रू ने कोई जोखिम नहीं लिया और विमान को रनवे पर उतार दिया। जांच में पता चला कि धुएं का इंडिकेशन गलत था, यानी कोई वास्तविक खतरा नहीं था।

एयर इंडिया ने एक्स पर आधिकारिक बयान जारी कर स्पष्ट किया, 27 नवंबर को फ्लाइट एआई 2939 के क्रू ने टेकऑफ के तुरंत बाद स्मोक इंडिकेटर दिखने पर दिल्ली लौटने का फैसला किया। पूरी जांच के बाद यह फॉल्स अलार्म पाया गया। विमान सुरक्षित उतरा और सभी पैसेंजर्स व क्रू को उतार लिया गया। ग्राउंड टीम ने यात्रियों को तुरंत सहायता दी और वैकल्पिक व्यवस्था कर उन्हें गंतव्य तक पहुंचाया। इस असुविधा के लिए खेद है। सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।÷ इस घटना से यात्रियों में घबराहट हुई, लेकिन क्रू की सतर्कता से सब सुरक्षित रहे।



### गुवाहाटी-हैदराबाद फ्लाइट रद्द

इसी दिन एयर इंडिया एक्सप्रेस की गुवाहाटी से हैदराबाद जाने वाली फ्लाइट आईएक्स 2884 'अनदेखे ऑपरेशनल कारणों' से रद्द हो गई। यह घटना तब सुर्खियों में आई जब भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद सिराज ने एयरलाइन पर देरी और कम्युनिकेशन की कमी का आरोप लगाया। फ्लाइट शाम 7-25 बजे उड़ान भरनी थी, लेकिन बिना सूचना के देरी हुई और अंततः कैंसिल कर दी गई। सिराज ने एक्स पर पोस्ट कर नाराजगी जताई, ÷एयर इंडिया की फ्लाइट आईएक्स 2884 को 7-25 बजे टेकऑफ करना था, लेकिन कोई कम्युनिकेशन नहीं। बार-बार फॉलो-अप के बाद भी सही वजह बताए बिना देरी की गई। यह बेहद फ्रस्ट्रेटिंग है। हर पैसेंजर को बेसिक अपडेट का हक है।

### एयरलाइन की सफाई और माफी

एयर इंडिया एक्सप्रेस ने सिराज के पोस्ट का जवाब देते हुए खेद जताया, अनदेखे कारणों से फ्लाइट कैंसिल हुई। एयरपोर्ट टीम सभी मेहमानों को मदद कर रही है। हम स्थिति की गंभीरता समझते हैं और आपके धैर्य की सराहना करते हैं। अपडेट देते रहेंगे। कंपनी ने सभी प्रभावित यात्रियों को वैकल्पिक फ्लाइट्स या रिफंड की व्यवस्था का आश्वासन दिया। सिराज की शिकायत से एयरलाइन की कम्युनिकेशन प्रक्रिया पर सवाल उठे, जो पैसेंजर्स की असुविधा का मुख्य कारण बनी। ये दोनों घटनाएं एयर इंडिया ग्रुप की ऑपरेशनल चुनौतियों को उजागर करती हैं। धुएं का फॉल्स अलार्म सुरक्षा प्रोटोकॉल की मजबूती दिखाता है, जबकि फ्लाइट कैंसिलेशन कम्युनिकेशन गैप को। एयरलाइन ने दोनों मामलों में सुरक्षा और सहायता पर जोर दिया, लेकिन यात्रियों की शिकायतें सेवा सुधार की मांग करती हैं।

# भारत में युवाओं की संख्या 65 फीसदी, देश विकसित बनाने का संकल्प लें: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**लखनऊ (एजेंसी)।** देश के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार की शाम लखनऊ में हुए स्काउट एंड गाइड के जंबूरी कार्यक्रम के समापन समारोह में कहा कि देश की कुल आबादी के 65 फीसदी ऐसे युवा हैं जिनकी उम्र 35 साल से कम है। इन्हीं युवाओं को भारत को विकसित बनाना है, 2047 तक यह सपना पूरा करना है। उन्होंने कहा कि जंबूरी जैसे कार्यक्रम युवाओं को जोड़ते हैं देश में अखंडता की स्थिति बयां करते हैं। इन्हीं युवाओं का आत्म बल हमको विकास की राह पर ले जाएगा।

लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम में 23 से 29 नवंबर 2025 तक भारत की सबसे बड़ी युवा सभा-राष्ट्रीय जंबूरी हुई। 61 साल बाद उत्तर प्रदेश को यह सम्मान मिला। देश-विदेश के लगभग 30 हजार स्काउट, गाइड, रेंजर और रोवर इस सात दिवसीय शिविर में शामिल हुए। समापन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि रहे। अपने सम्बोधन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बच्चों से कहा कि 35 साल से कम उम्र के युवा कुल आबादी के लगभग 65 प्रतिशत हैं। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना तभी पूरा होगा जब हमारा युवा वर्ग दृढ़ संकल्प के साथ आगे आएगा। उन्होंने खुशी जताई कि जंबूरी जैसे आयोजन न सिर्फ अनुशासन और राष्ट्रीय एकता सिखाते हैं, बल्कि आपदा के समय स्काउट-गाइड हमेशा सबसे आगे लोगों की मदद के लिए खड़े रहते हैं। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि अब यह संगठन व्यक्तित्व विकास, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में भी बहुत अच्छा काम कर रहा है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जंबूरी को 'भारतीय युवा ऊर्जा का महोत्सव' बताया। उन्होंने कहा कि 61 वर्ष बाद उत्तर प्रदेश को यह आयोजन मिला है। इतने बड़े स्तर पर युवाओं का एकत्रित होना महाकुंभ की याद दिलाता है। यहां दुनिया के कोने-कोने से आए बच्चे विश्व बंधुत्व का संदेश लेकर जाएंगे। सीएम ने स्काउट-गाइड के अनुशासन की तारीफ की और कहा कि ऐसे आयोजन उत्तर प्रदेश को नई पहचान दे रहे हैं। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने युवाओं को संदेश दिया कि युवा शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है। तुम्हारी सकारात्मक सोच और ऊर्जा इस देश की सबसे बड़ी पूंजी है। यही ताकत भारत को विश्व गुरु बनाएगी। उन्होंने कहा कि स्काउट-गाइड केवल कौशल नहीं सिखाते, बल्कि मानवता, कर्तव्य और मूल्यों का मजबूत कवच भी देते हैं। स्वच्छ, स्वावलंबी और विकसित भारत की कल्पना इन्हीं मूल्यों से साकार होगी।



# युवक की हत्या, परिजन बोले पैसों की लेनदेन के चलते हुई हत्या पुलिस बोली पीछे से गाड़ी से टक्कर मार हत्या करने की आशंका

स्मार्ट हलचल| पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** सदर थाना क्षेत्र के हलेड़ रोड पर प्रियदर्शिनी नगर के समीप शनिवार सुबह झाड़ियों में एक युवक की खून से लथपथ लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

पुलिस का कहना है कि युवक को किसी गाड़ी से टक्कर मारी गई है जिससे उसकी मौत हुई ,वही परिजनों ने युवक की हत्या रुपयों की लेनदेन के चलते होना बताया । सदर थाना प्रभारी कैलाश कुमार ने बताया कि शनिवार सुबह जरिए टेलीफोन सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के प्रियदर्शनी नगर के समीप झाड़ियां के पास एक युवक का शव पड़ा हुआ है सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची ,आस पास छानबीन करने पर शव के करीब 100 मीटर दूरी पर ही एक



स्कूटी भी खड़ी मिली,पुलिस ने वहां मौजूद मृतक के परिजनों के आधार पर युवक की पहचान महेंद्र सिंह पिता छीतर सिंह उम्र 40 वर्ष के रूप में की।

पुलिस ने परिजनो की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम करवाने की कार्यवाही शुरू की । प्रथम दृष्टिया और मौके के हालात देखकर यह लगता है कि युवक का वहां कुछ विवाद हुआ और उसने वहां से भगने का प्रयास किया इसी दौरान उसे पीछे से किसी गाड़ी से टक्कर मारी गई जिससे उसकी मौत हुई ।पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है । बाकी मौत के वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आ पाएंगे। वहीं मृतक के मामा दारा सिंह का कहना है कि मेरे भांजे की हत्या पैसों की लेनदेन के चलते हुई है। हम पुलिस व प्रशासन से मांग करते हैं कि इस हत्या की निष्पक्ष जांच हो और हत्या में जो भी लोग शामिल है उन्हें तुरंत गिरफ्तार किया जाए।

# बलात्कार के अपराधियों को कठोर कारावास व जुर्माना

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** भीलवाड़ा-विशिष्ट न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) बालकृष्ण मिश्र ने नाबालिग छात्रा के साथ बंधक बनाकर बलात्कार के मामले में मुख्य आरोपी इरफान को 20 वर्ष के कठोर कारावास और 61 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। उसके साथी शादाब हुसैन को 5 वर्ष की सजा व 11 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। विशिष्ट लोक अभियोजक धर्मवीर सिंह कानावत के अनुसार, 17 अगस्त 2024 को सदर थाने में परिवादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई। बताया



कि उसकी 12वीं कक्षा की नाबालिग भतीजी स्कूल से लौटी नहीं। जांच में पता चला कि जवाहर नगर निवासी इरफान व उसके साथी ने छात्रा को उसके नाना के एक्सीडेंट का बहाना बनाकर भगा लिया। आरोपी ने छात्रा को अपने घर बंधक बनाया, जबरन रेप किया। परिवादी ने आरोपी के घर पहुंचकर मुश्किल से छात्रा को छुड़ाया। पीड़िता ने बताया कि इरफान ने उसके साथ दुष्कर्म किया, जिसमें उसके परिवारजन भी शामिल थे। आरोपी ने पीड़िता के गहने छीन लिए और अश्लील वीडियो भी बनाए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पूरी की तथा चार्जशीट पॉक्सो कोर्ट में पेश की। कोर्ट में अभियोजन पक्ष ने 17 गवाहों के बयान व 52 दस्तावेज पेश किए। सुनवाई के बाद न्यायालय ने मुख्य आरोपी इरफान को 20 वर्ष व जुर्माना और शादाब को 5 वर्ष व जुर्माना की सजा सुनाई। यह फैसला नाबालिगों के खिलाफ अपराधों पर सख्ती का उदाहरण है।

# आईआईएम भीलवाड़ा की छात्रा अंशुल मीणा ने बढ़ाया भीलवाड़ा का मान

## गुरुग्राम की कंपनी में मिला 20 लाख का वार्षिक पैकेज



स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

जिले की जहाजपुर तहसील के धुवाला गांव निवासी प्रतिभाशाली बेटी अंशुल मीणा ने प्रतिष्ठित आईआईएम रोहतक में एमबीए (अंतिम वर्ष) के दौरान ही शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए गुरुग्राम की एक नामी कंपनी से 20 लाख रुपये वार्षिक वेतन का ऑफर प्राप्त किया है। इस सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। अंशुल मीणा, धुवाला गांव के मूल निवासी फूलचंद मीणा (उपनिदेशक–कृषि विपणन) और शिक्षिका पार्वती मीणा की सुपुत्री हैं। उनकी बड़ी बहन शालू मीणा का हाल ही में राजस्थान सरकार में आईटी अधिकारी पद पर चयन हुआ है और वह वर्तमान में कार्यरत हैं।

परिवार में दो ही बेटियाँ हैं और दोनों ने अपनी मेहनत, लगन और उत्कृष्ट शिक्षा के बल पर परिवार, गांव और जिले का नाम रोशन किया है। माता-पिता के प्रेरणादायी संस्कारों का ही परिणाम है कि दोनों बेटियाँ आज सफलता की नई मिसाल स्थापित कर रही हैं।

अंशुल ने अपनी स्कूली शिक्षा इम्मानुअल स्कूल, बूंदी से 12वीं तक पूरी की। आगे की पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते उन्हें देश के प्रमुख प्रबंधन संस्थानों में से एक आईआईएम रोहतक में प्रवेश मिला और अब प्लेसमेंट के दौरान शानदार पैकेज हासिल किया है। अंशुल की इस उपलब्धि पर स्थानीय लोगों, शिक्षकों और परिचितों द्वारा हर्ष व्यक्त किया जा रहा है। बेटियों की यह उपलब्धि समाज में सकारात्मक संदेश देती है और अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत बन रही है। अंशुल मीणा को हार्दिक बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ।

# घर में घुसकर महिला पर संडासी से जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपित देवेंद्र गिरफ्तार

## पुलिस ने घटना के महज 10 घंटों बाद ही आरोपी को किया गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** शहर के पुराना बापूनगर के एक मकान में घुसकर सोई अकेली बुजुर्ग महिला पर संडासी से हमला कर गला दबाकर मारने और लॉकर तोडने की कोशिश करने के मामले में पुलिस ने आरोपित देवेंद्र को घटना के महज 10 घंटों बाद ही गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि पीडित परिवार में चार दिसंबर को शादी है। इस बीच, इस घटना ने परिवार के सदस्यों को झकझौर दिया।



प्रताप नगर पुलिस ने बताया कि पुराना बापूनगर के दिलीप कुमार रावानी ने शुक्रवार को प्रताप नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके दो मकान हैं। पुराने मकान में उनकी माताजी रेखा अकेली सो रही थीं जबकि परिवार के बाकी सदस्य दूसरे मकान में थे। रात करीब एक बजे एक नकाबपोश व्यक्ति लूट की नीयत से घर में घुसा। उसने रेखा पर हमला कर उनका गला दबाया, मुंह में कपड़ा ठूंस दिया और सिर पर संडासी से वार किए। आरोपी ने महिला के कपड़े पहन रखे थे ताकि शक न हो। महिला की चीख सुनकर बहू मौके पर पहुंची, जिसके बाद हमलावर भाग निकला। पुलिस ने दिलीप की रिपोर्ट पर देवेंद्र के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया।

घटना को गंभीरता से लेते हुए एएसपी मुख्यालय पारस जैन और वृताधिकारी शहर हेमंत कुमार के सुपरविजन में थानाधिकारी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस ने न्यू बापूनगर के आरोपी देवेंद्र 35 पुत्र सुरेश कुमार सिंधी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर वारदात के कारणों की जानकारी जुटा रही है।

# खेत में फसलों पर दवा छिड़कते वक्त मधुमक्खियों का हमले से एक की मौत

स्मार्ट हलचल| पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** साड़ास थाना क्षेत्र के फलोदी में एक किसान की मधुमक्खियों द्वारा हमला करने से मौत हो गई।पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर जांच शुरू की । चित्तौड़गढ़ जिले के साड़ास थाना पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि रूपा लाल पिता भूरा लाल उर्म 36 वर्ष जो की थाना क्षेत्र के फलोदी का निवासी है।कल शुक्रवार शाम को रूपा लाल फलोदी में ही स्थित अपने खेत में फसलों पर कीटनाशक दवा का छिड़काव कर रहा था इसी दौरान अचानक उस पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया।जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।युवक को इलाज के लिए तुरन्त आमा



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां युवक की हालत ज्यादा गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल लाया गया,जहां ड्यूटी डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया । थाना पुलिस ने शनिवार को जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचकर परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पुरुष नसबंदी पखवाड़ा 2025 के तहत फैलाई जागरूकता

## पुरुष नसबंदी–सरल, सुरक्षित और प्रभावी' के संदेश को किया जन-जन तक प्रसारित

## सेवा वितरण सप्ताह के अंतर्गत 4 दिसंबर तक चिन्हित पुरुषों को गुणवत्तापूर्ण नसबंदी सेवाएं होगी उपलब्ध

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

जिले में पुरुष नसबंदी पखवाड़ा 2025 के प्रथम चरण में आयोजित मोबिलाइजेशन सप्ताह के दौरान चिकित्सा विभाग द्वारा पुरुष सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बड़े पैमाने पर जनजागरूकता अभियान चलाया गया। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने गांव-ढाणी से लेकर शहर के मोहल्लों तक घर-घर पहुंचकर पुरुष नसबंदी की सरलता, सुरक्षा और इसके दीर्घकालिक लाभों की प्रभावी जानकारी दी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश गुर्जर ने बताया कि अभियान का मुख्य संदेश 'स्वस्थ एवं खुशहाल परिवार-पुरुष सहभागिता से ही होगा सपना साकार' जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन को केवल महिलाओं की जिम्मेदारी मानने की पुरानी धारणा को बदलते हुए अब पुरुषों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार विशेष पखवाड़ा चला रही है। सभी ब्लॉक अधिकारियों व स्वास्थ्य कार्मिकों को अधिकाधिक पुरुषों को नसबंदी के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए हैं।

स्वास्थ्य टीमों ने मोबिलाइजेशन सप्ताह के दौरान योग्य दंपतियों से सीधा संवाद स्थापित कर परिवार नियोजन साधनों, सीमित परिवार के लाभ, सही विवाह आयु, प्रसव/गर्भपात उपरांत परिवार कल्याण सेवाओं तथा बच्चे के जन्म के अंतराल की महत्ता पर विशेष रूप से संवेदनशीलता विकसित की। इस दौरान एएनएम व आशा सहयोगिनियों ने पुरुष गर्भनिरोधक साधनों के उपयोग, पंजीयन एवं नसबंदी से जुड़े मिथकों को दूर करने पर विशेष फोकस किया और पुरुषों को खुलकर परिवार नियोजन अपनाने हेतु प्रेरित किया।

सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने जिले के योग्य दंपतियों से आह्वान करते हुए कहा कि पुरुष नसबंदी पूरी तरह सुरक्षित, सरल और प्रभावी प्रक्रिया है तथा इससे परिवार का स्वास्थ्य व आर्थिक स्थायित्व मजबूत होता है। उन्होंने बताया कि पखवाड़े के सेवा वितरण सप्ताह के अंतर्गत 4 दिसंबर तक जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों पर चिन्हित पुरुषों को गुणवत्तापूर्ण नसबंदी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

# ककरोलिया घाटी में कीचड़ व गंदगी का अंबार राहगीर परेशान



स्मार्ट हलचल

**काछोला।** ककरोलिया घाटी गांव में इन दिनों चारों ओर कीचड़ व गंदगी पसरी हुई है जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जहां एक ओर सरकार स्वच्छ भारत अभियान के तहत साफ सफाई पर विशेष ध्यान दे रही हे ऐसे में ककरोलिया घांटी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से कीचड़ शुरू होता है जो एक किलोमीटर दूर थल नंदराय व चोहली मार्ग तक फैला हुआ है सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं नाली निर्माण नहीं होने से घरों से निकला पानी सड़क पर इकट्ठा हो रहा है जिससे सड़क से गुजरने वाले राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है कई महीनो से इकट्ठा गंदा पानी अब सड़ांध मारने लगा है। लोगों को मच्छर जनित बीमारियां फैलने का अंदेशा है लाइब्रेरी में पढ़ने वाले बच्चे विद्यालय में आने जाने के समय विद्यार्थियों को भी कीचड़ से होकर गुजरना पड़ रहा है ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से सफाई नहीं हुई है पूरा गांव कीचड़ युक्त होने के बावजूद जिम्मेदारों के मौन रहने से आमजन में आक्रोश हैं लोगों ने कीचड़ व गंदगी से मुक्ति दिलाने की मांग की है।

# हाथीभाटा से उदलियास चतरपुरा कोदूकोटा 8 किलो मीटर तक बनेगी सड़क



स्मार्ट हलचल| उदलियास

उदलियास के ग्रामीण कई 25 सालों से अधिक सड़क खराब से हो रहे थे परेशान विधायक गोपीचंद मीणा ने दिलाई राहत, सरपंच लक्ष्मण गाडरी ने बताया कि हाथीभाटा से उदलियास से होते हुए चतरपुरा कोदूकोटा तक 8 किलो मीटर बनेगी नवनीकरण सड़क लोगो को 25 साल से अधिक हो गए परेशान थे इस सड़क से विधायक गोपीचंद मीणा प्रधान करण सिंह बेलवा ने दिलाई राहत सरपंच धापू देवी लक्ष्मण गाडरी के कई बार प्यास से हो पाई सड़क नवनी करण की सफल, जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर है।

मुकेश शर्मा का कहना है कि इस सड़क के लोग मजदूरी करने इसी रास्ते में जाते है और ये सड़क 25 साल से अधिक हो गए खराब पड़ी हुई है युवा की कई बार गाड़िया खराब हो चुकी है जिससे अब सरपंच धापूदेवी लक्ष्मण गाडरी के प्यास से विधायक गोपीचंद मीणा प्रधान करण सिंह बेलवा ने सड़क से राहत दिलाई सरपंच धापू देवी लक्ष्मण गाडरी ने बताया कि सड़क लग भग 800 लाख से बनेगी नवनीकरण सड़क ये सड़क मार्च 2026 तक काम चालू हो जाएगा इस अवसर पर भाजपा बूथ अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने विधायक गोपीचंद मीणा से मुलाकात कर सड़क नवनी करण की खुशी जायर की इस मौके पर भाजपा बूथ अध्यक्ष मुकेश शर्मा शिव पुरोहित, बजरंग पुरोहित, उमाशंकर पुरोहित मौजूद थे।

# निरंकार ईश्वर की कृपा से ही सब सेवाएं होती है हम केवल कठपुतली है-सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज

स्मार्ट हलचल

**बड़ी सादड़ी।** निरंकारी मिशन के मीडिया सहायक राधेश्याम रेगर ने जानकारी देते हुए बताया कि संत निरंकारी मंडल के तत्वाधान में मानव कल्याण यात्रा पर पधारे सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं आदरणीय राजपिताजी ने बीकानेर में श्रद्धालु भक्तों को भरपूर आशीर्वाद दिया बीकानेर के संत निरंकारी भवन के मैदान में जयपुर जोधपुर बायपास सर्किल के पास निरंकारी संत समागम को संबोधित करते हुए सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने प्रवचनों में कहा कि दिलों में प्यार हो एक दूसरे का आदर सत्कार हो सभी के अंदर परमात्मा निरंकार का नूर है हमें अहंकार को त्याग कर निरंकार के प्रति सच्ची श्रद्धा रखनी चाहिए। मन में हमेशा अच्छे और पॉजिटिव भाव





रख कर सेवा करें । सतगुरु माताजी ने अपार श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि निरंकार परमात्मा से जुड़ कर एक दीवार रहित संसार को प्रेम मय बनाना हैं।

इस अवसर पर बीकानेर की जोनल इंचार्ज बहन संध्या सक्सेना जी ने इस नूरानी जोड़ी का आभार व्यक्त करते हुए हार्दिक अभिनंदन किया ।बाल संगत के बच्चों व भाई बहनों ने भजन गजल कवि दरबार सांस्कृतिक कार्यक्रम आध्यात्मिक विचारों की प्रस्तुति दी। अलवर ब्रांच के जिला संयोजक सोमनाथ जी ने बताया कि सतगुरु माता जी की कल्याण यात्राओं में 28 नवंबर शुक्रवार नवंबर बाड़मेर मे 29 नवंबर शनिवार ब्यावर में और,30 नवंबर रविवार को जयपुर में विद्याधर स्टेडियम में निरंकारी संत समागम का आयोजन किया जाएगा ।चित्तौड़गढ़ जिले से भी भक्तजन इस समागम में सम्मिलित होकर सतगुरु माताजी का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

# साँसद अग्रवाल की जनसुनवाई में हुए जनता के काम



## पेपरलैस कार्यप्रणाली अपनाते है सांसद अग्रवाल

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

सांसद दामोदर अग्रवाल ने लोकसभा के शीतकालीन सत्र से पहले भीलवाडा लोकसभा क्षेत्र के आमजन व कार्यकर्ताओं के कार्यो के त्वरित समाधान के लिए आज कलेक्ट्री परिसर में सांसद जनसंवाद केंद्र पर जनसुनवाई की ।

साँसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि सांसद अग्रवाल की जनसुनवाई के दौरान सैकड़ों की संख्या में भीलवाड़ा लोकसभा क्षेत्र की आठों विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं व आम जनता ने अपनी समस्याओं को साँसद अग्रवाल के समक्ष रखी व सांसद अग्रवाल ने जनता के कामो के त्वरित समाधान के लिए सम्बंधित विभाग में फोन कर कार्यवाही कार्यवाही कर कार्यकर्ताओ व आमजन को राहत प्रदान की । जनसुनवाई के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में मेले जैसा माहौल था। गौरतलब है कि सांसद अग्रवाल पेपर लेस कार्यप्रणाली अपनाते हैं। कार्यकर्ताओं व आमजनों का काम हाथोहाथ करते हैं काम मे किसी भी प्रकार की पेंडेंसी नही रखते।

## इंडियन रेडक्रास सोसाइटी द्वारा वृहद चिकित्सा शिविर के साथ रक्तदान का आयोजन

# रेडक्रास ने भीलवाड़ा में जब भी जरूरत पड़ी अपनी उपस्थिति को किया साबित: लादूराम बांगड़

## सेन युवा एकता मंच एवं फेडरल बैंक लिमिटेड का रहा सहयोग, 51 रक्तदाताओं की हुई मोतियाबिंद, व अन्य जांचें

स्मार्ट हलचल

**भीलवाडा।** इंडियन रेडक्रास सोसाइटी द्वारा सेन युवा एकता मंच एवं फेडरल बैंक लिमिटेड के सहयोग से अरिहंत हास्पीटल भीलवाड़ा मे वृहद चिकित्सा शिविर के साथ रक्तदान का आयोजन किया गया। जिसमे अरिहंत हास्पीटल की ब्लड बैंक टीम द्वारा 51 रक्तदाताओं की मोतियाबिंद, फैफड़े, शुगर, आई विजन, ब्लड प्रेशर के साथ हीमोग्लोबिन की भी जांच की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी ने की। कोठारी ने इस अवसर पर देश एवं राज्य स्तर पर समाज मे आ रही जागरूकता पर प्रसन्नता व्यक्त की ओर रेडक्रास द्वारा समय समय पर किये जा रहे सेवा कार्यो पर प्रकाश डाला। रेडक्रास भीलवाड़ा के चैयरमेन लादूराम बांगड़ ने रेडक्रास द्वारा सेवा कार्यक्रमों के साथ जब भी जरूरत पड़ी रेडक्रास ने भीलवाड़ा मे अपनी उपस्थिति को साबित किया। बांगड़ ने इस अवसर पर भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी को डीएमएफटी राशि रेडक्रास को आवंटित करवाने हेतु अनुशंसा करने पर धन्यवाद ज्ञापित



किया। कार्यक्रम मे जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश गुर्जर ने चिकित्सा विभाग द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी उपस्थित नागरिकों एवं पदाधिकारियों को सांझा की। कार्यक्रम में सेन समाज के पदाधिकारी ओम प्रकाश सेन ने अपने समाज की ओर से रक्तदान पर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम के प्रारंभ में अरिहंत चिकित्सालय के पदाधिकारियों एवं चैयरमेन ज्ञान सांखला, भागचन्द चोधरी, अशोक गुगलिया, नीरज चोधरी द्वारा सभी आगन्तुकों का गुलदस्ते, नोटपेड मोमेंटो देकर अतिथियों का संस्था मे पधारने पर स्वागत किया गया। उसके उपरांत फेडरल बैंक लिमिटेड के शाखा प्रबंधक पीयूष जेन ने सभी अतिथियों का दुप्पटा ओढाकर ओर मोमेंटो देकर सम्मान किया। इस अवसर पर रेडक्रास से कांतिलाल जैन, पुष्पेन्द्र बंसल, चेतन मानसिंहका, अरूण शर्मा सेन युवा एकता मंच के विकास सेन पांसल, महादेव सेन, गोतम सेन व एडवोकेट सुनिल खंलवा, फेडरल बैंक से अजय जागेटिया के साथ ब्लड बैंक के डॉ. आरके. जैन एवं अरिहंत के एचआर मेनेजर सुखवीर सिंह का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन रेडक्रास के मानद सचिव रमेश मून्दड़ा ने किया।

# पत्रकार को खरीदने का प्रयास, सरपंच बोला मंत्री तक जाते हैं पैसे

## गिरधर पुरा सरपंच व घोटाले बाज ग्राम विकास अधिकारी पर कार्यवाही कब तक

स्मार्ट हलचल| झालरापाटन

सरपंच बोला मंत्री, सीईओं, राजेन्द्र निमेष, लोकपाल विकास अधिकारी, प्रधान सब के पास कमीशन जाता है। कोई कुछ नहीं बिगाड सकता, ज्यादा से ज्यादा जांच करने आ जायेंगे पांच पचास हजार रुपए में समाचार को असत्य व भ्रष्टाचार पर ईमानदार धारी की मोहर लगा जायेंगे। हकिकत बयां करते सरपंच की जुबानी है जो हमारे संवाददाता को खरीदने के दौरान सरपंच मोहन लाल मीणा ने कहें थे। ग्राम पंचायत में लाखों रुपए का घोटाला है लेकिन जांच के नाम पर पंचायत राज विभाग जेब खाली है।

नये मामले और सामने आये जिसमें ग्राम पंचायत गिरधरपुरा में सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी की मिली भगत सरपंच ने अपने निजी फायदे के लिए अपने घर वालों और अपने क्षेत्र के लोगों को ग्राम पंचायत के खाते से कर रखा है , सफाई कार्य की एवज में सफाई कर्मियों को भुगतान करने की जगह सरपंच ने अपने घर के सदस्य अपने भाई माता, भाई की पत्नी, सरपंच की पत्नी और बहन को किया भुगतान कर रखा है। भुगतान करने वाले का नाम सावित्रीबाई, मोहन भाई ,गोविंद प्रसाद ,पिंकी भाई ,उर्मिलाबाई को नाली सफाई और नाली निर्माण और इंटरलॉकिंग निर्माण के नाम पर लाखों रुपए का भुगतान किया। सोचने वाली यह बात है कि क्या यह लोग नाली की सफाई करने के लिए गए थे या नाली निर्माण में उनके द्वारा काम किया गया या इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य करने के लिए सरपंच ने अपनी मम्मी भाई और पत्नी को भेजा था नहीं भेजा तो नियम विरुद्ध इनका भुगतान कैसे हुआ।



दूसरा सबसे बड़ा घोटाला इंटरलॉकिंग खरजा मय नाली निर्माण छोटे मंदिर चौक से लेकर सीताराम मामा के मकान तक जिसका कार्य कोड 52140057 जिसका साढ़े सात लाख रुपए का भुगतान किया गया है। फिर इसी जगह दो बार और अलग-अलग कार्य के नाम से राशि उठाई गई जिनके नाम इस प्रकार हैं। नाली निर्माण मनोहर लाल के मकान से सीताराम मामा के मकान तक कार्य कोड 52140027 इसके द्वारा भुगतान राशि दो लाख तीस हजार रुपए फिर दुबारा से एक बार और फिर इसी जगह का कार्य स्वीकृत करवा कर फिर भुगतान उठाया।

जिस कार्य का नाम नाली निर्माण कार्य मनोहर लाल के मकान से छोटे मंदिर की ओर जिसका कार्य कोड 52139992 इस कार्य की एवज में 285000 रुपए उठाए गए। तीनों बार के भुगतान को जोड़ तो कुल टोटल 12 लाख रुपए हुए। जबकि मौके पर 5 लाख का कार्य भी नहीं हुआ। क्योंकि उसे जगह पर पूर्व सरपंच के कार्यकाल की डी सी डाली हुई थी नालियां बनी हुई थी इस डीसी के ऊपर इंटरलॉकिंग लगा दी गई नालियों को थोड़ा काट पीट कर नया कर दिया गया। सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी ने बहुत अच्छा रास्ता चुना जनता के पैसे को खाने का कार्य एक करवाया जाता है और इस कार्य के नाम से दो-तीन बार अलग-अलग कार्य स्वीकृत करके भुगतान उठा लिया जाता है। नाली सफाई और गांव की सफाई के नाम पर कभी 20000 रुपये कभी 30000 रूपए कभी 50000 रुपए बिल का भुगतान भुगतान कर रखा है निकिता एंटरप्राइजेज को गांव में साफ सफाई और नाली सफाई तो गांव के मजदूर करते हैं फिर फर्म को भुगतान क्यों ट्रैक्टर में कचरा उठाने का इतना भुगतान नहीं होता है नाली सफाई के नाम पर पहले ठेका नहीं हुआ था तब लाखों रुपए का भुगतान उठा रखा है और कचरा पात्र जिनका एक लाख भुगतान उठाया कहीं पर नजर नहीं आते ग्राम पंचायत में कहां पर कचरा पात्र डस्टबिन रखे गए ग्रामीणों को पता ही नहीं ना ही सार्वजनिक जगह पर नजर आते हैं। सिर्फ भुगतान उठा गया। फर्म का टैंडर निकिता इन्टरप्राइजेज से है जिसका प्रोपराइटर सालरी का सरपंच है जो गिरधर पुरा सरपंच आपस में मौसी बुआ के भाई भाई है।

खेलो इण्डिया युनिवर्सिटी गेम्स- 2025

# बीच वॉलीबाल : फतहसागर की लहरों संग वॉलीबाल का रोमांच



स्मार्ट हलचल| उदयपुर

5वें खेलो इंडिया युनिवर्सिटी गेम्स - 2025 के तहत उदयपुर में जूडो के बाद अब बीच वॉलीबाल स्पर्धा का रोमांच चरम पर है। फतहसागर के किनारे महाकालेश्वर मन्दिर प्रागण में आयोजित प्रतियोगिता में शनिवार को 9 लीग मैच खेले गए। इस दौरान बड़ी संख्या में खेलप्रेमी देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने पहुंचे।

जिला खेल अधिकारी डॉ महेश पालीवाल ने बताया कि शनिवार को पुरूष वर्ग के लीग मुकाबलों में गोवा युनिवर्सिटी ने एसआरएम युनिवर्सिटी को 2-1, युओएम ने केएआर को 2-0, केपीएम ने युओसी को 2-0, एसआरएम ने केएआर को 2-0 तथा युओएम ने गोवा को 2-1 से पराजित किया। महिला वर्ग में वी.ई.एम युनिवर्सिटी ने के.पी.एम. को 2-0, एस.आर.एम. ने ए.ड्ब्ल्यू युनिवर्सिटी को 2-0, केपीएम ने पीएआर को 2-1 तथा एसआरएम ने एलएनआई को 2-0 से पराजित किया। भारतीय खेल प्राधिकरण से आए प्रतियोगिता प्रभारी अतुल कुमार सिंह, मैनेजर एम. प्रभाकरण, राजस्थान वॉलीबाल संघ के उपाध्यक्ष देवनारायण धाबाई, कोषाध्यक्ष हेमराज सोनवाल, सहसचिव महावीर सिंह, प्रभुलाल जाट आदि उपस्थित रहे। रविवार को प्रातःकालीन सत्र में लीग मैच तथा दोपहर 2 बजे से सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे। डॉ पालीवाल ने बताया कि 2 दिसम्बर से प्रारंभ होने वाली कायकिंग एवं केनोईग स्पर्धा की तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली गई हैं। एथलीट बोर्ट भी आ चुकी हैं।

# ऑल इंडिया सर्विस के रिटायर्ड ऑफिसर्स की द्विमासिक बैठक सम्पन्न



स्मार्ट हलचल| उदयपुर

ऑल इंडिया सर्विस के रिटायर्ड ऑफिसर्स (उदयपुर बेस्ड) की द्विमासिक बैठक शनिवार को फील्ड क्लब, उदयपुर में सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई। बैठक की शुरुआत कन्वीनर श्री मुनीश गोयल द्वारा सभी सदस्यों के स्वागत एवं पिछली बैठक के कार्यवृत्त प्रस्तुत करने के साथ हुई।

श्री गोयल ने आगामी कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए समूह की गतिविधियों को अधिक सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाने हेतु सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किए। इस अवसर पर समूह में नवनियुक्त सदस्यों– श्रीमती एवं श्री आर.के. जैन का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

बैठक के दौरान विभिन्न विषयों पर सदस्यों ने अपने अनुभव साझा करते हुए सारगर्भित चर्चा की। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दी गई उपयोगी सलाह एवं विचारों से समूह की भावी दिशा और मजबूत हुई।

इस अवसर पर श्री मुनीश गोयल, श्री एन.सी. जैन, श्रीमती नमिता प्रियदर्शी, श्री हरीश शर्मा, श्री सोमनाथ मिश्रा, श्री अशोक भंडारी, श्री सुमित लाल बोहरा, श्री आर.के. सिंह, श्री आर.के. जैन, श्री राहुल भटनागर, श्री जितेन्द्र उपाध्याय तथा श्री ओ.पी. शर्मा उपस्थित रहे। अंत में श्री राहुल भटनागर ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए बैठक का औपचारिक समापन किया।

# एसआईआर में बीएलओ गणेश कंवर की शत प्रतिशत उपलब्धि पर इलेक्शन आइकॉन ने किया अभिनंदन

स्मार्ट हलचल| बूंदी



राज्य भर में निर्वाचन विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत जिले में इन दिनों मतदाताओं से परिगणना प्रपत्र भरवाने का कार्य जोरों पर है इसी क्रम में जिला इलेक्शन आइकॉन डॉ सर्वेश तिवारी द्वारा शनिवार को शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने वाली भाग संख्या 34 की महिला बूथ लेवल ऑफिसर गणेश कंवर गुर्जर का नागरिक अभिनंदन कर मनोबल बढ़ाया गया।

जिला इलेक्शन आइकॉन डॉ सर्वेश तिवारी के नेतृत्व में भीलों का दरवाजा स्थित तेजाजी चौक पर आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें उमंग संस्थान की अध्यक्ष डॉ सविता लोरी मुख्य अतिथि रही। उन्होंने माल्यार्पण कर गणेश कंवर गुर्जर का मुंह मीठा करवाया एवं स्मृति चिह्न भेंटकर बधाई दी। इलेक्शन आइकॉन तिवारी ने इस अवसर पर गणेश कंवर के कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि भील बस्ती, बाणगंगा, दलेलपुरा क्षेत्र में कार्य करते हुए इन्होंने विशेष परिस्थितियों से जूझकर सिद्ध किया कि अभियान में महिला बीएलओ भी अपने कार्य के प्रति समर्पित हैं और घर और अभियान के साथ शैक्षणिक दायित्व को भी बखूबी निभा रही है यह बेहद सराहनीय है। सक्रिय भूमिका निभाते हुए अपना शत प्रतिशत कार्य निर्धारित समय अवधि से पूर्व पूर्ण कर उन्होंने अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।

अपने अनुभव को साझा करते हुए गणेश कंवर ने कहा कि अभियान के प्रति जागरूक न होने के कारण स्थानीय निवासियों द्वारा प्रारंभ में परिगणना प्रपत्र को राजनीतिक प्रचार समझते हुए फाड़ कर फेंक दिया गया या जला दिया गया कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा असहयोगात्मक वातावरण तैयार करने का प्रयास भी किया गया लेकिन विचलित ना होते हुए उन्होंने पूर्ण आत्मविश्वास और योजनाबद्ध तरीके से पूरे कार्य को पूर्ण किया, इसमें सजग मतदाताओं एवं परिवारजन का भी विशेष सहयोग रहा। स्थानीय निवासियों ने भी तालियों की गड़गड़ाहट के साथ अभिनंदन कार्यक्रम में शिरकत की। शिक्षिका रीना अग्रवाल, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष गुप्ता, कुशल पालीवाल, बंशीलाल गुर्जर ने कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए महिला बीएलओ का मनोबल बढ़ाया। इलेक्शन कैंपस एंबेसडर आतिश वर्मा ने सभी का। आभार प्रकट किया।

# बेरी विद्यालय में 11 विद्यार्थियों को जर्सी वितरित



स्मार्ट हलचल | रोपा

निकटवर्ती ग्राम पंचायत बावड़ी के ग्राम बेरी में बढ़ती सर्दी को देखते हुए शनिवार को जयपुर बैट्री पारोली की ओर से छात्र-छात्राओं को ऊनी जर्सियों का वितरण किया गया। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, बेरी में 11 छात्र-छात्राओं को गर्म जर्सी प्रदान की गई। जर्सी पाकर नन्हे-मुन्ने बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ़ झलक रही थी।

कार्यक्रम में ग्राम बेरी के पूर्व वार्ड पंच कालूलाल धाकड़, वार्ड पंच कन्हैयालाल धाकड़, शारीरिक शिक्षक पदम कुमार जैन, खुशीराम मीणा, अध्यापिका समता जाट तथा विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

# आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के कथित बयान को लेकर ब्राह्मण समाज में उबाल, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल| चित्तौड़गढ़



मध्य प्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों के संबंध में कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी किए जाने का वीडियो सामने आने के बाद देशभर में आक्रोश व्याप्त है। इसी संबंध में विप्र फाउंडेशन एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों ने राष्ट्रपति महोदया श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के नाम एक ज्ञापन जिला कलेक्ट्रेट चित्तौड़गढ़ में मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय पाठक को सौंपा।

संगठनों का कहना है कि वायरल वीडियो में संतोष वर्मा, जिन्हें अजाक्स संस्था का प्रदेश अध्यक्ष भी बताया जा रहा है, ने सार्वजनिक मंच से समाज की बेटियों के संबंध में अत्यंत आपत्तिजनक, असंयमित और अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया है, जिससे न केवल ब्राह्मण समाज बल्कि सम्पूर्ण सनातन समाज की भावनाएँ आहत हुई हैं।

ज्ञापन में कहा गया है कि एक संवैधानिक पद पर आसीन अधिकारी द्वारा ऐसा वक्तव्य देना सामाजिक सौहार्द को तोड़ने, समुदायों के बीच वैमनस्य फैलाने तथा राष्ट्रीय एकता को कमजोर करने का प्रयास माना जाना चाहिए। संगठनों ने इस घटना को 'गंभीर सामाजिक अपराध' बताते हुए कठोरतम कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

विप्र फाउंडेशन ने मांग की है कि संबंधित अधिकारी को तत्काल प्रभाव से पद से हटाया जाए और न्यायसंगत दंड दिया जाए, ताकि यह स्पष्ट संदेश जाए कि भारत में नारी सम्मान और सामाजिक समरसता के खिलाफ किसी भी प्रकार के आचरण की कोई जगह नहीं है।

इस दौरान समाज के प्रबुद्धजनों ने कहा कि एक ओर सरकार अंतर्जातीय विवाह को प्रोत्साहित कर सामाजिक एकता को बढ़ावा दे रही है, वहीं दूसरी ओर ऐसे बयान समाज में अविश्वास और विभाजन की स्थिति उत्पन्न करते हैं। समाजजनों ने आरोप लगाया कि इस प्रकार के वक्तव्य भविष्य में सामाजिक अशांति को जन्म दे सकते हैं, इसलिए इन पर कठोर कार्रवाई आवश्यक है। सभा में शामिल प्रतिनिधियों ने कहा कि जिस प्रकार कृषि में संकर फसलों ने स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएँ पैदा कीं, उसी प्रकार समाज में 'संकर जाति व्यवस्था' का संदर्भ देते हुए दिए गए बयान बेहद दुर्भाग्यपूर्ण हैं और सामाजिक ताने-बाने को नुकसान पहुँचाने वाले हैं। इसलिए अधिकारी के विरुद्ध त्वरित कानूनी कार्रवाई की माँग की गई। ज्ञापन देते समय सनत कुमार शर्मा, कन्हैयालाल खंडेलवाल, यशवंत शर्मा, अभियंता अनिल सुखवाल, योगेश शर्मा, अजय सिंह राठौड़, भुवनेश्वर पुरोहित, प्रहलाद पाराशर, गोपाल शर्मा, योगेश सारस्वत, महेंद्र जोशी, सुनील गौड़, दिनेश काकड़ा, सत्यनारायण ओझा, अरविंद व्यास, योगेश पाराशर, लोकेश त्रिपाठी, राजेश शर्मा, चेतन, अंजू दाधीच, अलका चतुर्वेदी, राजकुमारी ओझा, कमला गौड, कलावती खंडेलवाल, सीमा शर्मा, स्वाति शर्मा आदि विप्रजन मौजूद रहें।

# विधायक जीनगर का जन्मदिन कल

**राशमी।** क्षेत्रीय विधायक अर्जुन लाल जीनगर के जन्म दिन के मौके पर आगामी एक दिसंबर को कपासन विधानसभा क्षेत्र में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश जाट ने बताया कि विधायक जीनगर अपने जन्मदिन की शुरुआत सुबह सात बजे राशमी के हनुमान मंदिर में देवदर्शन के साथ करेंगे। इसके बाद 7.30 बजे जाड़ेश्वर महादेव मंदिर, 8 बजे अलख वेद गुरुकुल गोशाला पुठवाड़िया में गोसेवा और 8.30 बजे मंगलेश्वर महादेव मातृकुण्डिया, सांवलियाजी मंदिर मंडफिया, श्री शनिदेव मंदिर आली और रणछोड़ रायजी मंदिर धमाणा में दर्शन करेंगे। इसके बाद विकास कार्यों की श्रृंखला में कपासन नगर में शुरू होगी। सांवलियाजी स्वागत द्वार, सांवलियाजी चौराहा, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति उद्यान और छत्रपति शिवाजी चौक का उद्घाटन होगा।

# शिल्पग्राम पर नि:शुल्क फोटो प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

## स्थानीय प्रतिभागी बागोर की हवेली स्थित कार्यालय में भी जमा करा सकते हैं प्रविष्टियां

स्मार्ट हलचल| उदयपुर

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर की ओर से शिल्पग्राम एवं शिल्पग्राम उत्सव पर आधारित नि:शुल्क फोटो प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य शिल्पग्राम की कलात्मकता, लोक-सांस्कृतिक परिवेश और उत्सव की जीवंतता को व्यापक मंच देना है। इसमें प्रतिभागी शिल्पग्राम या उत्सव से जुड़ी नई-पुरानी तस्वीरें भेज सकेंगे।

प्रतियोगिता के तहत 18 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी प्रतिभागी मोबाइल, डीएसएलआर या ड्रोन कैमरे से ली गई अधिकतम 5 एमबी आकार की दो रंगीन या ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीरें निर्धारित गूगल फॉर्म के माध्यम से 5 दिसम्बर रात्रि 12 बजे तक https://tinyurl.com/SHILPGRAM लिंक से भेज सकते हैं। यह लिंक शिल्पग्राम तथा केन्द्र के सोशल मीडिया पेजों पर भी उपलब्ध है। इसके अलावा प्रविष्टियां गणगौर घाट स्थित बागोर की हवेली कार्यालय समयावधि में (10 से 5 बजे तक) ऑफ लाइन भी जमा करा सकते हैं।

जूरी द्वारा चयनित तीन श्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। चयनित और पुरस्कृत चित्रों का प्रदर्शन शिल्पग्राम उत्सव के दौरान संगम गैलेरी में किया जाएगा।

# भाई की शादी में जा रही बहन की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

## ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से उजड़ा सुहाग

स्मार्ट हलचल| भूपालसागर

जिले में शादी की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गई, जब भाई की शादी में शामिल होने जा रही एक महिला की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। हादसा चित्तौड़गढ़-डबोक स्टेट हाईवे-9 पर भूपालसागर के पास हुआ।

जानकारी के अनुसार, मृतका कंकु बाई अपने पति के साथ बाइक पर सवार होकर भाई की शादी में मायके जा रही थीं। तभी पास से गुजर रही सीमेंट के कट्टों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली का टायर अचानक फट गया। टायर फटने से अनियंत्रित होकर ट्रॉली सीधे बाइक पर आ पलटी। हादसे में कंकु बाई की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके पति गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। शादी वाले घर में इस खबर के बाद से कोहराम मचा हुआ है।

# खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2025 : उदयपुर में राजस्थान की पहली बीच वॉलीबाल स्पर्धा का शुभारंभ

## फतहसागर झील के किनारे खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

स्मार्ट हलचल| उदयपुर



खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2025 के अंतर्गत राजस्थान में पहली बार बीच वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन उदयपुर में फतहसागर झील के किनारे स्थित महाकाल मंदिर परिसर में शुरू हुआ। इस ऐतिहासिक आयोजन ने राज्य के खेल मानचित्र पर उदयपुर को नई पहचान दिलाई। प्रतियोगिता का शुभारंभ पंजाब के राज्यपाल एवं चण्डीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाबचंद कटारिया, उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन तथा भारतीय वॉलीबाल संघ के महासचिव रामानंद चौधरी के आतिथ्य में हुआ।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल श्री कटारिया ने कहा कि उदयपुर में खेलों के विकास के लिए सराहनीय कार्य हुए हैं और महाराणा प्रताप खेलगांव राजस्थान का सबसे बड़ा खेलगांव है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर की स्पर्धाओं के आयोजन हेतु आधुनिक सुविधाओं और व्यवस्थाओं के विकास की आवश्यकता पर जोर दिया तथा देशभर से आए खिलाड़ियों का स्वागत किया।

भारतीय वॉलीबाल संघ के महासचिव श्री चौधरी ने खिलाड़ियों को बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने और उच्च स्तर के परिणाम सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल सहित सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। प्रारंभ में जिला खेल अधिकारी डॉ महेश पालीवाल, प्रभारी कोच अशोक चौधरी एवं अजीत जैन सहित आयोजन से जुड़े अधिकारियों-पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. पालीवाल ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के तहत उदयपुर में आयोजित की जा रही प्रतियोगिताओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में समाजसेवी गजपालसिंह, पारस सिंघवी, चंद्रगुप्त चौहान, राहुल जैन सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# चित्तौड़गढ़ रूट पर 'वंदे भारत' को मिली हरी झंडी, लेकिन 10 दिसंबर तक कई ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

स्मार्ट हलचल| चित्तौड़गढ़

रेलवे यात्रियों के लिए एक अच्छी और एक बुरी खबर है। अच्छी खबर यह है कि चित्तौड़गढ़ रूट पर प्रीमियम ट्रेन 'वंदे भारत' के संचालन को रेलवे से क्लीयरेंस मिल गया है। जल्द ही जिलेवासियों को इस सेमी-हाई स्पीड ट्रेन की सौगात मिल सकती है।

वहीं दूसरी ओर, जयपुर जंक्शन पर चल रहे यार्ड रिमॉडलिंग और एयर कॉनकोर्स के काम के चलते चित्तौड़गढ़ से गुजरने वाली ट्रेनों का शेड्यूल बिगड़ गया है। रेलवे ने 10 दिसंबर तक ब्लॉक लिया है।

इसका असर इन ट्रेनों पर पड़ेगा: उदयपुर-जयपुर इंटरसिटी सहित कई प्रमुख ट्रेनें आंशिक रूप से रद्द रहेंगी। कुछ ट्रेनों को डायवर्ट (रूट बदलकर) चलाया जाएगा। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा शुरू करने से पहले अपनी ट्रेन का स्टेटस जरूर चेक कर लें, ताकि असुविधा से बचा जा सके।

# हनी ट्रेप की घटना का किया खुलासा, 02 मास्टर माईन्ड महिला गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल| बूंदी



जिला पुलिस अधीक्षक बून्दी राजेन्द्र कुमार मीणा ने बताया की थानाधिकारी पुलिस थाना सदर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा हनी ट्रेप के मामले में कोटा के एक व्यापारी को प्रेमजाल मे फंसाकर कर नानकपुरिया चोराहा बून्दी के पास उससे 35 हजार रुपये नकद व एक सोने का कडा लुटने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 02 मास्टर माईण्ड महिलाओ को बापर्दा गिरफ्तार करने के साथ सहयोगी मुलजिमान 1. लखविन्द्रसिंह 2.रौनक पंवार को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त 02 मोटरसाईकिलों को भी जब्त करने में सफलता प्राप्त की है ।

उल्लेखनीय है कि फरियादी निवासी गुमानपुरा कोटा ने रिपोर्ट इस आशय की पेश की कि मेरी मेरी इलेक्ट्रीकल की दुकान है दिनांक 26.10.2025 को मेरे मोबाईल पर एक वाट्सएप पर अनजान नम्बर से मैसेज आया और एसी के बारे बातचीत की थी तो मैने उससे दुकान पर आने को कहा फिर दिनांक 28.10.2025 को एक लडकी मेरी दुकान पर आई जहाँ उसने एसी देखा ओर चली गई उसके बाद दिनांक 29.10.2025 को मेरे वाट्सएप नम्बर पर उसी लडकी का मैसेज आया था उसने लिखा था मेरे पापा प्रोपट्री डीलर का कार्य करते है उनके बडे बडे लोगो से लेन देन होता है मैं आपको एसी की साईड दिखा दुंगी ओर अगर डील फाईनल होती है तो उसमे से मेरा भी कमीशन निकाल देना। मैने हाँ कर दी तथा उसने मुझे दिनांक 5.11.2025 को मैसेज करके शाम लगभग 6.30 बून्दी देवपुरा के नानकपुरिया तिराहे पर बुलाया मै समय पर 6.30 पहुच गया वहाँ पर तिराहे पर मुझे वही लडकी मिली, साईड दिखाने के बहाने होटल में ले गई वहाँ पर साईड के बारे मे बात नही की तथा उसने कहाँ अपन कमरे मे बैठकर बात करते है वहाँ मुझसे कहा मुझे अभी छोड दो मै आपको साईड बाद मै बताती हूँ फिर मैने उसे पुनः नानकपुरिया तिराहे पर छोडना चाहा लेकिन उसने कहा मुझे मण्डी गेट पर छोड दो, मैं जैसे ही मण्डी गेट पर पहुचा ओर लडकी को छोडने के लिये गाडी रोकी तो अचानक तीन जने जिसमे एक महिला तथा दो व्यक्ति थे वो मुझ पर आरोप लगाने लगे कि तुने इस लडकी को होटल मे ले जाकर उसके साथ गलत काम किया है, तु कोटा चल ओर हमे 10 लाख रुपये दे। उन्होने मुझे जबरन गाडी के पीछे बिठाकर मेरा अपहरण कर मुझे तालेडा की ओर ले गये तथा मेरे मोबाईल से मेरी पत्नी को फोन किया ओर कहा तुम्होरे पति पता है कहाँ है मै जोर से चिल्लाता उससे पहले फोन काट दिया ओर गाडी बून्दी की ओर घुमा कर मुझे घुमाते रहे तथा मेरे साथ मारपीट करते रहे मेरे द्वारा उस समय पैसे की व्यवस्था नहीं होने पर वो मेरे हाथ का सोने कडा और 35000 रुपये नगदी छीनकर मुझे सथुर के पास जंगलो मे छोड कर चले गये । इत्यादी रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा हनीट्रेप के मामलो को गम्भीरता से लेते हुए आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिये थे । उक्त निर्देशो की पालना में थाना सदर से पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा घटनास्थल का बारीकी से निरिक्षण किया गया, घटनास्थल के तकनिकी साक्ष्य जुटाये। टीम द्वारा संदिग्ध स्थानो पर लगातार दबिशें देकर तकनीकी, मनोवैज्ञानिक, मुखबिर व आसूचना संकलन करते हुए मुलजिमान को तलाश किया जाकर घटना को अंजाम देने की 02 मास्टर माईण्ड महिलाओ को बापर्दा गिरफ्तार करने के साथ सहयोगी मुलजिमान (1.) 1. लखविन्द्र सिंह उर्फ लक्की पुत्र श्री तरसेम सिंह, जाति मजहबी सिख, आयु 26 वर्ष, निवासी गुरूद्वारे के पीछे गादेगाल, पुलिस थाना तालेडा, जिला बून्दी (2.) रौनक पंवार पुत्र श्री रवि पंवार, आयु 22 वर्ष, जाति वाल्मिकी, निवासी संजय नगर, चम्बल मार्ग, गली नं.10,पुलिस थाना भीमगंजमण्डी, जिला कोटा शहर हाल निवासी लॉर्ड कृष्णा स्कूल के पास, लेबर चौराहा, पूनम कोलोनी, पुलिस थाना रेल्वे कोलोनी, जिला कोटा शहर को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त 02 मोटरसाईकिलों को जब्त करने में सफलता प्राप्त की है । प्रकरण में अन्य सहयोगी मुलजिमान की तलाश जारी है ।

**तरीका वारदातः-** प्रकरण में गिरफ्तारशुद्धा अभियुक्तगण आपराधिक प्रवृत्ति के शातिर अपराधी है। जो पुर्व में भी हन्नी ट्रेप मे मामले की चालानशुद्धा अपराधी है। मुलजिमान अलग-अलग फैसबुक/व्हाट्सएप/इन्स्टाग्राम पर फैक आईडी बनाकर व्यापारियो को मैसेज करते है, तथा उनसे नजदीकी बढाकर किसी काम के सिलसिले में होटलो मे बुलाते है, तथा वहां पर कुछ देर रुकने के बाद, अपनी टीम द्वारा तय किये गये स्थान पर छोडने को बोलते है, वहां पर पहले से मोजुद उनकी टीम द्वारा डरा धमका कर पैसे लुट लिये जाते है। इनकी टीम मे 2-3 महिला व 2-3 पुरुष रहते है। इसी क्रम मे मुलजिमान द्वारा 26.10.2025 को कोटा के एक इलेक्ट्रानिक व्यापारी से व्यापार के सिलसिले मे बातचीत कर डील फाईनल करने का झासा देकर बून्दी की एक होटल मे बुलाया तथा कुछ देर बातचीत के बाद पुर्व नियोजित योजना के अनुसार नानकपुरिया चोराहा बून्दी ले जाकर अपनी टीम के साथ मिलकर फरियादी के साथ मारपीट कर अपहरण कर ले गये तथा उसके विरुद्ध बलात्कार का प्रकरण दर्ज करवाने की धमकी देकर उससे 10 लाख रुपये मांग की गयी, व्यापारी द्वारा तुरंत 10 लाख रुपये की व्यवस्था नहीं होने पर उसके हाथ में पहना हुआ 1 सोने का कडा व 35 हजार रुपये नकद लुट कर ले गये।

# एकोराशी में आम रास्तों में जमा कीचड़ से राहगीर परेशान

स्मार्ट हलचल| सूरौठ



गांव एकोराशी के आम रास्तों में जमा गंदे पानी एवं कीचड़ की समस्या से ग्रामीण बेहद परेशान है। कीचड़ की समस्या के विरोध में शनिवार को ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने प्रशासन से जलभराव एवं कीचड़ की समस्या का समाधान करवाने की मांग की है। सामाजिक कार्यकर्ता खेम सिंह चौधरी, उमराव चौधरी सहित काफी लोगों ने बताया कि एकोराशी के आम रास्तों में लंबे समय से गंदे पानी एवं कीचड़ का जमाव हो रहा है। जिसके कारण आमजन को काफी असुविधा हो रही है। आए दिन ग्रामीण कीचड़ में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। कीचड़ की वजह से ग्रामीणों को दुर्गंध का सामना भी करना पड़ रह है। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना एवं संबंधित अधिकारियों से समस्या का अविलंब समाधान करवाने की मांग की है।

# भाजपा सरकार अल्पसंख्यकों की सच्ची हितैषी-मुंसिफ अली खान

## अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रहे कस्बे के दौरे पर



स्मार्ट हलचल| हरसौर

शनिवार को कस्बे के एकदिवसीय दौरे पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष मुंसिफ अली खान का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। जिला उपाध्यक्ष इकबाल कुरैशी एवं मण्डल अध्यक्ष अमित आसोपा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने साफा एवं माला पहनाकर स्वागत किया।

इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष खान ने कहा कि सच्चर कमेटी की रिपोर्ट की अनुशंसा के तौर पर अल्पसंख्यकों के भाषाई शिक्षा पर सरकार द्वारा जोर दिये जाने का सकारात्मक परिणाम आया है। अल्पसंख्यक भाषाई शिक्षा के आधार पर सिविल सेवा की परीक्षा पास करने के आंकड़ा में बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा पांच करोड़ अल्पसंख्यक छात्राओं को छात्रवृति देने की घोषणा से प्रदेश के अल्पसंख्यक छात्रों को भी फायदा होगा। भाजपा सरकार ही अल्पसंख्यकों की सच्ची हितैषी है। अन्य सरकारों ने केवल उन्हें डराकर वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है। इसके बाद खान ने 1971 की भारत-पाक लड़ाई के नायक रहे नायब सूबेदार वली मोहम्मद के निधन पर आयोजित शोक सभा में भाग लिया। इस दौरान पूर्व सीएमएचओ डॉ देवराज राव, मोतीराम गौरा, मण्डल अध्यक्ष अमित आसोपा, अमीरदीन मुल्तानी, सदाम लुहार, गोरधन चौकीदार, इकबाल खान, विकास सोनी, दौलत सैनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महर्षि दधीचि के वंशजों ने किया देहदान संकल्प, समिति को सौंपे प्रपत्र

स्मार्ट हलचल| कोटा



महर्षि दधीचि की त्याग-परंपरा को आगे बढ़ाते हुए शहर में दधीचि वंशजों ने मरणोपरांत देहदान का संकल्प लेकर समाज में प्रेरक संदेश दिया है। जयश्री विहार निवासी (मूल निवासी–कोटड़ा दीपा) महेंद्र कुमार दधीच ने अपने परिवार की उपस्थिति में देहदान संकल्प-पत्र पूर्ण कर महर्षि दधीचि छात्रावास समिति के अध्यक्ष रविंद्र जोशी एवं उपाध्यक्ष नरेंद्र मोहन दधीच को सौंपा।

गौरतलब है कि समिति के पूर्व अध्यक्ष गोपाल शर्मा स्वयं भी पूर्व में देहदान का संकल्प ले चुके हैं।

अध्यक्ष रविंद्र जोशी ने बताया कि देहदान के ये संकल्प मेडिकल कॉलेज, कोटा में अध्ययनरत विद्यार्थियों तथा चिकित्सा अनुसंधान के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे। छात्रावास समिति, महिला समिति और युवा समिति ने इस मानवीय पहल को 'सेवा की अद्वितीय मिसाल' बताते हुए संकल्पकर्ताओं का सम्मान दधीचि जयंती किया जाएगा। उपाध्यक्ष नरेंद्र मोहन दधीच ने बताया कि प्राप्त हुए सभी संकल्प-पत्र महर्षि दधीचि जयंती के अवसर पर न्यू मेडिकल कॉलेज, कोटा को सौंपे जाएंगे। वर्तमान में कुल 02 संकल्प-पत्र समिति को प्राप्त हुए हैं ओर पूर्व में समिति 02 देहदान करवा चुकी है। उन्होने कहा कि 'मरणोपरांत भी शरीर मानवता के कार्य आए–यही महर्षि दधीचि की प्रेरणा है, और उनके वंशज उसी परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं।

# लाखेरी की भोली भाली जनता के साथ कब तक अन्याय

## आखिर सता पक्ष, विपक्ष, जनता और प्रशासन सब मौन क्यों

स्मार्ट हलचल

**लाखेरी।** बूंदी जिले का लाखेरी वर्तमान समय में अनेकों समस्याओं से जूझ रहा है, जो आमजन की मूलभूत सुविधाएं हैं, और लाखेरी कस्बा वर्षों से विकास की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करता रहा है। लेकिन आज भी यहां की बुनियादी व्यवस्थाएँ ऐसे सवाल खड़े कर रही हैं जिनका जवाब स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को जल्द देना होगा। शहर के हालात किसी भी तरह उस विकास की कहानी नहीं कहते जिसे काग़ज़ों में बार-बार दोहराया जाता है।

सबसे चिंताजनक स्थिति स्वास्थ्य सेवाओं की है। लाखेरी अस्पताल में महिला डॉक्टर का अभाव, शिशु रोग विशेषज्ञ की अनुपलब्धता, और डॉक्टरों की भारी कमी मरीजों पर सीधा असर डालती है। प्रसूता महिलाओं को नजदीकी क्षेत्रों में प्राथमिक इलाज तक न मिल पाना एक गंभीर प्रशासनिक विफलता है। एक ओर सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को गांव-कस्बों तक पहुँचाने का दावा करती है, वहीं लाखेरी में ऑपरेशन सुविधा बंद होने से छोटे-छोटे ऑपरेशन भी रेफर किए जा रहे हैं। यह स्थिति स्वीकार्य नहीं। कस्बे की सड़कों पर नजर डालें तो गड्ढों की भरमार किसी भी आगंतुक को यह बताने के लिए काफी है कि नगर पालिका की कार्यशैली कितनी सुस्त है। सफाई व्यवस्था भी इसी ढर्रे पर चल रही है। कई मोहल्लों में कचरे के ढेर और अस्वच्छता ने आमजन का जीवन दूभर कर दिया है। इसके साथ ही कोटा-दौसा मेगा हाईवे पर भारी वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही ने दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ा दिया है। हाईवे से जुड़े क्षेत्रों में लोगों का कहना है कि दिन-रात गुजरने वाले ट्रकों की रफ्तार और शोर शराबे ने जीना मुश्किल कर दिया है। स्पीड नियंत्रण, नियमित निगरानी और सुरक्षा उपाय न होने से यह मार्ग आमजन के लिए खतरा बन चुका है। इन सभी समस्याओं का सार यही है कि लाखेरी में प्रशासनिक इच्छाशक्ति की कमी स्पष्ट दिखाई देती है। विकास योजनाएँ तभी सफल होती हैं जब उनकी जमीनी निगरानी ईमानदारी से की जाए। सिर्फ मीटिंगों, घोषणा पत्रों और सोशल मीडिया पर सक्रियता से जनता का भरोसा नहीं जीता जा सकता; वास्तविक बदलाव तब होगा जब अस्पतालों में डॉक्टर होंगे, सड़कों पर गड्ढे नहीं, और हाईवे पर सुरक्षा होगी। लाखेरी एक संभावनाओं वाला कस्बा है लेकिन संभावनाएँ तभी चमकेंगी जब जिम्मेदार विभाग व जनप्रतिनिधि अपनी भूमिका गंभीरता से निभाएँ। अब समय आ गया है कि लाखेरी की समस्याओं को मुद्दों की तरह नहीं, बल्कि जनजीवन से जुड़े आवश्यक समाधान के रूप में देखा जाए। लाखेरी बदलाव मांग रहा है और यह मांग बिल्कुल जायज़ है। आखिर कब तक लाखेरी की जनता इन समस्याओं से जूझती रहेंगी। क्योंकि यहां की जनता सीधी साधी है, वह सब सहन कर रही है। यहां के सता एवं विपक्ष के जनप्रतिनिधि सब आमजन की मूलभूत सुविधाओं को जानकर भी अनजान बने हुए हैं, वहीं दूसरी ओर प्रशासन भी जनहित के कार्यों हेतु सुस्त है।

# तीन नए पशु चिकित्सालय भवनों के निर्माण को 1.40 करोड़ स्वीकृत

स्मार्ट हलचल| बानसूर



विधानसभा क्षेत्र में राज्य सरकार ने पशु चिकित्सा सेवाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से तीन नए पशु चिकित्सालय भवनों के निर्माण के लिए 1.40 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की हैं। यह स्वीकृति विधायक देवीसिंह शेखावत की अभिशंसा पर जारी की गई हैं। बजट के अनुसार बाबरिया,नारायणपुर और हरसोरा में बनने वाले प्रत्येक भवन के लिए 46.50 लाख रुपए आवंटित किए गए हैं। नए भवनों के निर्माण से उपचार, टीकाकरण और अन्य पशु चिकित्सा सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होंगी, जिससे पशुपालकों को दूर जाने की परेशानी से राहत मिलेगी। ग्रामीणों का कहना है कि इन केंद्रों के उन्नयन की मांग लंबे समय से की जा रही थी। सरकार के इस निर्णय से क्षेत्र में पशुधन संरक्षण, डेयरी विकास और पशुपालकों की आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलेगी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत का आभार जताया।

# विधायक शेखावत ने 21 करोड़ रुपए की सड़क परियोजना का शिलान्यास किया

स्मार्ट हलचल| बानसूर



क्षेत्रीय विधायक देवीसिंह शेखावत नें शनिवार को कोठिया में मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2025-26 के तहत स्वीकृत 21 करोड़ रुपए की सड़क परियोजना का शिलान्यास किया। इस परियोजना के अंतर्गत एसएच-52 से एस एच - 77 तक वाया कोठिया , गढ़ी, अजबपुरा, खारियों की ढाणी होते हुए 13 किलोमीटर लंबी सड़क का चौड़ाईकरण और सौंदर्यीकरण किया जाएगा। शिलान्यास के मौके पर ग्रामीणों ने विधायक का माल्यार्पण कर स्वागत किया। विधायक शेखावत ने कहा कि बानसूर क्षेत्र विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण पूरा होने से एक दर्जन से ज्यादा आसपास के गांवों के हजारों लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। तेज गति और सुरक्षित सड़कें क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में अहम भूमिका निभाएंगी। विधायक शेखावत ने कहा कि बानसूर विधानसभा क्षेत्र में इस समय 200 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्य प्रगति पर हैं, जिनमें सड़क, स्वास्थ्य, पेयजल और शिक्षा से जुड़े प्रमुख कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सरकार क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में बानसूर नई ऊंचाइयों को छुएगा। उन्होंने बताया कि आने वाले बजट में बानसूर में बड़े विकास के कार्य करवाए जाएंगे।

इस मौके पर चतरपुरा प्रशासक नीरज तोंनगरिया, अजबपुरा प्रशासक प्रियंका नरूका, मातादीन गुर्जर, डॉ. शशिकांत बोहरा, मंडल अध्यक्ष कांता सत्येंद्र शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, पार्षद खामोश देवी, पंचायत समिति सदस्य विजय गोठवाल, ओमपाल सिंह, मांगेलाल मौर्य, देशराज नागा, संदीप चौधरी, सुरेश जांगिड़, मामराज प्रजापत, मनोज प्रजापत, सुरेश ज्ञानपुरिया सहित ग्रामीण मौजूद रहें।

# हादसाः कंटेनर ने मारी टक्कर, हेयर सैलून संचालक की मौत

स्मार्ट हलचल

**सादुलपुर।** राजगढ़ के निकटवर्ती गांव न्यांगली में हेयर सैलून चलाने वाले एक युवक की सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद इलाज के दौरान हिसार के अस्पताल में मृत्यु हो गई। मृतक के साले की रिपोर्ट पर राजगढ़ थाने में कंटेनर चालक के खिलाफ तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस को दी गई जानकारी के अनुसार, 28 नवंबर 2025 को रणसिंह पुत्र रामकरण (40) निवासी किशनपुरा ने राजगढ़ थाने में उपस्थित होकर एक रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट में बताया गया है कि उनका साला, सन्नी पुत्र कृष्ण (29) निवासी दाणी केंदू, तहसील हांसी (हरियाणा), गांव न्यांगली, तहसील राजगढ़ में हेयर सैलून की दुकान चलाता था।

दिनांक 26 नवंबर 2025 को शाम लगभग 7:00 बजे सन्नी अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर न्यांगली से किशनपुरा अपने गांव आ रहा था। वह गांव मांगला से थोड़ा आगे पहुंचा, तभी सामने से किशनपुरा की तरफ से आ रहे एक कंटेनर के चालक ने अपने वाहन को तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए सन्नी की मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी।

इस टक्कर से सन्नी गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद संजय निवासी मांगला और अन्य लोगों ने तुरंत एम्बुलेंस बुलाकर घायल को राजगढ़ के रिद्धि-सिद्धि अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद, सन्नी को बेहतर इलाज के लिए सर्वोदय अस्पताल हिसार रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

# 'राम का चरित्र मोक्ष का मार्ग' – रामकथा में भक्ति और दर्शन का संगम

## सुख-दुःख अपने पुण्य से प्राप्त होते हैं: मुनिप्रवर जयकीर्ति जी

स्मार्ट हलचल| कोटा



विशिष्ट रामकथाकार, अनुष्ठान-विशेषज्ञ, धर्म-चक्रवर्ती एवं ध्यानदिवाकर मुनिप्रवर श्री जयकीर्ति जी गुरुदेव के श्रीमुख से प्रवाहित जैन-रामायण कथा के नवम दिवस में भोगों से निवृत्ति और शाश्वत सुख की प्रवृत्ति हेतु उत्तम धर्म को जीवन का सार बताते हुए गुरुदेव ने कहा कि श्रेष्ठ कथा का श्रवण मनुष्य को जो आंतरिक सुख प्रदान करता है, वही आत्म-प्रयोजन तथा पुण्योपार्जन का वास्तविक कारण है। पीयूष बज एवं अनिमेष जैन ने बताया कि भक्ति भव से लोग पाण्डल में श्रीराम के जयकारे लगाते रहे। कथास्थल पर शिक्षाविद गोविंद माहेश्वरी ने रामकथा का श्रवण किया और प्रशंसा की। महेश गंगवाल गुलाबबाड़ी ने बताया कि राजकुमार,राजेन्द्र पापड़ीवाल, भागचंद लुहाड़िया, पारस पोरवाल, विनोद बज,सन्मति पाटनी,योगेश मित्तल,पंडित जगदीश जैन,ललित लुहाड़िया,चेतन प्रकाश जैन, हेमन्त निखी[illegible] आदि उपस्थित हुए चिन्मय जैन, देहरादून के पोमिल जैन आदि समाज श्रेष्ठी उपस्थित हुए ।

गुरुदेव ने श्रीराम के चरित्र को मोक्षपदरूपी मंदिर तक पहुँचने वाली सीढ़ी बताते हुए कहा कि इस चरित्र का स्थिरचित्त होकर श्रवण करना परम मंगलकारी है। कथा में कृतान्तवक्र सेनापति का प्रसंग वर्णित करते हुए बताया कि परतंत्र जीवन व्यक्ति को अन्यायपूर्ण आज्ञाओं का पालन करने को विवश कर देता है। अयोध्या पहुँचकर सेनापति जब वन की भयावहता और सीता-विरह का संदेश सुनाता है, तो राम अत्यंत व्यथित हो जाते हैं और लक्ष्मण धर्मयुक्त वचनों से उन्हें सांत्वना देते हैं।

गुरुदेव ने कहा कि संसार में सुख-दुःख किसी निमित्त से स्वयमेव ही प्राप्त होते हैं; प्राणी आकाश, वन और पर्वत–हर स्थान पर अपने पुण्य से ही रक्षित रहता है। उधर सचेत हुई सीता अपने दुःख का कारण पूर्वकृत अपराधों में तलाशती है।

इसी दौरान पुण्डरिकपुर के राजा वज्रजंघ सीता के विलाप से करुणित होकर उन्हें धर्म-बहन स्वीकार कर अपने साथ ले जाते हैं। श्रावण शुक्ला पूर्णिमा को सीता लवणांकुश एवं मदनांकुश दो तेजस्वी पुत्रों को जन्म देती हैं। विद्याध्ययन के समय महाविद्याधारी क्षुल्लक श्री सिद्धार्थ उनके गुरु रूप में उपस्थित होते हैं और शीघ्र ही दोनों बालकों को शस्त्र-शास्त्र में निपुण बना देते हैं।

नारदजी से पितृत्व का परिचय प्राप्त कर लव-कुश अन्याय के प्रतिकार हेतु राम-लक्ष्मण से युद्ध के लिए प्रवृत्त होते हैं। उनके अप्रतिम वीर्य एवं युद्धकौशल से राम भी आश्चर्यचकित हो उठते हैं। तत्पश्चात पिता-पुत्र का भावपूर्ण मिलन और अयोध्या में प्रवेश होता है। प्रजा के समक्ष अपनी निर्दोषता प्रमाणित करने हेतु राम द्वारा आग्रह किए जाने पर सीता अग्निपरीक्षा के लिए तत्पर होती हैं और कहती हैं– 'यदि मैंने राम के अतिरिक्त किसी अन्य पुरुष का स्वप्न में भी चिंतन किया हो, तो यह अग्नि मुझे जला दे।' देवगणों द्वारा सीता की रक्षा के साथ ही सर्वत्र हर्षोल्लास व्याप्त होता है। पश्चाताप से दग्ध राम सीता से क्षमा याचना करते हैं। अंत में संसार-भोगों से विरक्त सीता, आर्यिका रूप में दीक्षा ग्रहण कर आध्यात्मिक उत्कर्ष प्राप्त करती हैं।

# राज्य स्तरीय बैंड कॉम्पिटीशन सम्पन्न

स्मार्ट हलचल| बूंदी



हिंडौली कस्बे के स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में राज्यस्तरीय बैंड कॉम्पिटीशन का समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विशेषधिकारी शिक्षा मंत्री सतीश कुमार गुप्ता रहे। वही अध्यक्षता मॉडल स्कूल राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद उपनिदेशक अनीता शर्मा ने की।


विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्ति अतिरिक्त निदेशक शिक्षा निदेशक शिक्षा विभाग तेज कुमार, सहायक निदेशक मॉडल स्कूल डिम्पल गुप्ता रही। साथ ही कार्यक्रम में बूंदी मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सूर्य प्रकाश टेलर, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक प्रीतिबाला शर्मा, सहायक निदेशक धनराज मीणा, कुंज बिहारी भारद्वाज जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक, दिलीप सिंह गुर्जर अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समसा तथा बुद्धाराम विश्नोई मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हिंडोली, राजेश चतुर्वेदी कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में प्रदेश की कुल 23 टीमों ने भाग लिया, जिसमें ब्रास बैंड में प्रथम स्थान पर प्रिंस सैनिक स्कूल सीकर ब्रास और बालिका वर्ग में प्रिंस लोटस वैली एकेडमी सीकर रही। इसी प्रकार पाइप बैंड में बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कुचामन सिटी नागौर तथा बालिका वर्ग में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सूरतगढ़ श्रीगंगानगर रही। कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियो का आयोजन भी किया गया और विजेता टीमों को ट्रॉफी व सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। संचालन राम प्रसाद मीणा, छात्रा हर्षिता कंवर, दीपिका वैष्णव ने किया। संयोजक प्रधानाचार्य ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया साथ ही अतिथियों एवं भाग लेने वाली समस्त टीम्स को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# जयपुर में नशा बेच रहे दो विदेशी गिरफ्तार, 5 लाख रुपए की कोकीन-एमडी जब्त

## ऑपरेशन क्लीन स्वीप- मिस्र के युवक ने एक कॉलेज में ले रखा है एडमिशन तंजानिया की युवती भी किराए पर रह रही

स्मार्ट हलचल

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में नशे की बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे 'ऑपरेशन क्लीन स्वीप' के तहत पुलिस ने दो विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है. उनके कब्जे से 31.06 ग्राम कोकीन और 5.6 ग्राम एमडी बरामद की गई है. जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत पांच लाख रुपए आंकी गई है. वहीं, आरोपियों के कब्जे से 75 हजार रुपए नकद भी बरामद हुए



हैं. कमिश्नरेट स्पेशल टीम ने प्रताप नगर थाना पुलिस के साथ मिलकर इस कार्रवाई को अंजाम दिया है।

जयपुर कमिश्नरेट के डीसीपी (क्राइम) अभिजीत सिंह ने बताया कि मिस्त्र के काहीरो सिटी निवासी मोहम्मद और तंजानिया के डार इस सलाम निवासी मारग्रेट उर्फ शकीला को गिरफ्तार कर कोकीन और एमडी बरामद की गई है. मोहम्मद फिलहाल जगतपुरा के लाजपत नगर में किराए पर रह रहा है. उसने जयपुर की एक निजी विश्वविद्यालय में फार्मेसी कोर्स में एडमिशन भी ले रखा है. जबकि मारग्रेट भी लाजपत नगर में किराए पर रह रही है।

# लूट के मामले में पुलिस ने सरे बाजार निकाला आरोपियों का जुलूस, पड़ोसी ही निकला मास्टर माइंड

स्मार्ट हलचल

**अजमेर।** जिले के किशनगढ़ में फौजी के घर हुई लूट की सनसनीखेज वारदात का गांधीनगर थाना पुलिस ने त्वरित खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कोर्ट में पेशी से पहले पुलिस ने इन सभी का शहर के मुख्य मार्गों पर जुलूस निकालकर अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास का सख्त संदेश दिया।

गिरफ्तार आरोपियों में फौजी के सामने रहने वाला पड़ोसी महेंद्र इस वारदात का मास्टर माइंड बताया गया है, जिसने अपने चार साथियों के साथ मिलकर फौजी की



पत्नी को बंधक बनाकर लूट को अंजाम दिया था। गिरफ्तारी के बाद सभी आरोपियों का जुलूस बजरंग कॉलोनी से शुरू हुआ, जो शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरा। भारी पुलिस जाप्ते के बीच निकाले गए इस जुलूस में पुलिस की सख्ती साफ नजर आई।

गांधीनगर थाना प्रभारी संजय शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम ने इन आरोपियों को पकड़ा। पूरी कार्रवाई सीओ सिटी आईपीएस अजय सिंह राठौड़ के सुपरविजन में हुई, जिसमें साइबर सेल के देवेंद्र सिंह और आशीष गहलोत की विशेष भूमिका रही। शहरभर के लोगों ने पुलिस की इस कठोर और त्वरित कार्रवाई की सराहना की। पुलिस ने इस जुलूस के जरिए साफतौर पर संदेश दिया कि क्षेत्र में किसी भी तरह के अपराध को बख्शा नहीं जाएगा और कानून से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# बिलाली माता मंदिर से चोरी का खुलासा



## चोरी के पैसों से खरीदी बाइक व पैसें बरामद

स्मार्ट हलचल | बानसूर

बास दयाल थाना पुलिस ने बिलाली में शीतला माता मंदिर में चोरी का खुलासा करते हुए आरोपियों से मंदिर के दानपात्र से चोरी के नगद रुपए और चोरी के पैसे से खरीदी गई बाईक कों बरामद किया हैं। थाना प्रभारी रजनी कुमारी ने बताया कि मंदिर के पुजारी लादूराम प्रजापत ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 8 नवंबर की रात को क्षेत्र के बिलाली स्थित शीतला माता मंदिर में दो चोर दानपात्र उठा ले गए और उनमें रखें करीब डेढ़ लाख रूपये और चांदी चोरी कर ले गए। पुलिस ने टीम का गठन कर दो आरोपियों राकेश बावरिया और कुलदीप बावरिया को गिरफ्तार कर उनसे बरामदगी को लेकर गहनता से पूछताछ की गई औंर आरोपियों को घटनास्थल की दस्तीक करवाई। पुलिस ने आरोपियों से18500 रूपये में डाउन पेमेंट पर खरीदी गई बाईक और 9221 रूपये, 321 खुल्ले सिक्के एवं घटना में प्रयुक्त लोहे का औजार बरामद किया हैं।

# नगरायुक्त ने घर-घर जाकर ली एसआईआर फार्म भरने की जानकारी



स्मार्ट हलचल | सहारनपुर

नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज अनेक केंद्रों का भ्रमण कर बीएलओ से वार्ता की और एसआईआर फार्म जमा होने की जानकारी ली तथा उसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अनेक मतदाताओं के घरों पर पहुंचकर भी लोगों से एसआईआर फार्म भरने की जानकारी ली। उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी 70 वार्डो में यह जानकारी देते हुए माइक से एनाउंस कराये कि उनके क्षेत्र के बीएलओ किस स्थान या मतदान केंद्र पर उपस्थित रहकर फार्म जमा कर रहे हैं।

उन्होंने समय कम रह जाने के कारण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बाद में उन्होंने व्यक्तिगत रुप से अनेक मतदाताओं के घरों पर जाकर एसआईआर फार्म जमा करने के बारे में जानकारी ली। पुरानी मण्डी क्षेत्र के एक केंद्र पर बीएलओ ने नगरायुक्त को बताया कि उनके बूथ पर 936 मतदाता हैं जिनमें से 665 के एसआईआर फार्म जमा हो चुके हैं। जबकि 85 व्यक्ति ऐसे पाये गए जिनकी या तो मृत्यु हो चुकी है या वे अन्यत्र शिफ्ट हो गए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्वाचन एसआईआर में आयोग के निर्देशों अनुसार ही कार्यवाही संपादित की जाए एवं किसी भी दशा में इसका उल्लंघन न हो। नगरायुक्त ने शहर के सभी लोगों से अपील की है कि वे प्राथमिकता के साथ अपने एसआईआर फार्म भरकर बीएलओ को जमा कराएं। यदि कहीं कोई समस्या आ रही है तो चुनाव कार्यालय के हेल्पलाइन नंबर 9454418078 पर संपर्क कर समस्या का समाधान कर सकते हैं।

इसके अलावा निर्वाचन आयोग के वेबसाइट लिंक पर जाकर भी एसआईआर के संबंध में आवश्यक जानकारी एवं सहयोग प्राप्त किया जा सकता है।

# नागफणी तिराहे पर हाईमास्क लाईट का किया लोकार्पण

## अब तक क्षेत्र में 8 जगह स्थापित की गई है हाईमास्क लाईटें

स्मार्ट हलचल

**अजमेर।** शहर को अधिक सुरक्षित, सुव्यवस्थित और प्रकाशमान बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने नागफणी तिराहे पर नवस्थापित हाईमास्ट लाइट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने हाईमास्ट लाइट को क्षेत्रवासियों को समर्पित करते हुए कहा कि नगर की विकास यात्रा में आधुनिक प्रकाश व्यवस्था की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। बेहतर रोशनी न केवल सुरक्षा को बढ़ाती है, बल्कि शहर के सौंदर्यीकरण, यातायात व्यवस्था और नागरिक सुविधा को भी सुदृढ़ करती है।

लोकार्पण समारोह में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए देवनानी ने कहा कि शहर के प्रमुख चौराहों, मुख्य मार्गों और सार्वजनिक स्थलों पर हाईमास्ट लाइटों की स्थापना एक योजनाबद्ध प्रयास के तहत की जा रही है। उन्होंने बताया कि रात्रिकालीन समय में यातायात सुचारू रहे, पैदल राहगीरों को सुविधा मिले और असामाजिक




गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। इन्हीं उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए प्रकाश व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। हाईमास्ट लाइटों की शुरूआत से आसपास के क्षेत्रों में उजाला बढ़ेगा। इससे नागरिकों में सुरक्षा का भाव और सुदृढ़ होगा। उन्होंने कहा कि शहर के विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न हिस्सों में चरणबद्ध रूप से हाईमास्ट लाईटें स्थापित की जा रही हैं। इससे अजमेर को और अधिक सुरक्षित, सुंदर व विकसित स्वरूप प्रदान किया जा सकेगा। इसमें व्यस्त मार्गो पर रात्रि में रोशनी से वाहन चालकों को राहत मिलेगी। साथ ही, बाजार क्षेत्रों में लोगों की आवाजाही भी सुगम होगी। इससे व्यापारिक गतिविधियों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। अब तक विधानसभा क्षेत्र में 8 जगहों पर हाईमास्क लाईटे स्थापित की जा चुकी है। इनमें आनासागर पुलिस चौकी, शास्त्री नगर चुंगी, मित्तल अस्पताल तिराहा, टेलीफोन एक्सचेंज चौराहा, चामुंडा चौराहा, सावित्री चौराहा, घाटी वाले बालाजी तथा नागफणी तिराहे पर हाईमास्ट लाईट का लोकार्पण किया गया है। प्रत्येक हाईमास्क लाईट 4.40 लाख रूपए की लागत से स्थापित की गई है। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद, अधिकारी एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# पाइप लाइन लीक, कीमती पानी बह रहा व्यर्थ

स्मार्ट हलचल

वजीरपुर उपखण्ड क्षेत्र के गौण मण्डी मार्ग पर पेयजल पाइप लाइन पिछले एक महीने से लीक है, जिससे रोजाना हजारों लीटर पानी बह रहा है। जलदाय विभाग की और से अब तक मरम्मत नहीं होने पर क्षेत्रवासियों में नाराजगी बढ गई है। पाइप लाइन से तेज धार में पानी बहने के कारण रास्ते में किचड़ फैल गया है। इससे पैदल चलने वाले को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लगातार पानी बहने से जल संकट गहराने की आशंका जताई जा रही है। मण्डी कॉलोनीवासियों ने बताया कि विभाग को कई बार सूचना देने के बाद भी



अधिकारी कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचते हैं, स्थानीय लोगों की मांग है कि पाइप लाइन की तुरंत मरम्मत कर पानी की बर्बादी रोकी जाए।

# कानपुर में बस अग्निकांड : मौत के मुंह से निकलने के बाद घर की ओर लौटे भयभीत यात्री

स्मार्ट हलचल

**कानपुर।** गत दिवस यहां हाईवे पर चलती बस में लगी भीषण आग के फल स्वरुप बड़ी मुश्किल से मौत के मुंह से निकल पाए यात्री अब अपने घर की ओर रवाना हो चुके हैं। इस बीच पुलिस ने भी सभी यात्रियों की सहायता करते हुए उन्हें उनके गंतव्य पर पहुंचने में सहायता भी की।

अवगतकरदे चले कि यहां कल शुक्रवार को नौबस्ता-रामादेवी नेशनल हाईवे पर एक चलती बस में अचानक



आग लग गई थी, जिसके कुछ ही देर में आग बस में बुरी तरह से फैल गई थी, जिससे बस में सवार यात्रियों को बाहर निकलने में काफी कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ा था। कुछ यात्रियों ने खिड़कियों से कूदकर अपनी जान बचाई थी। चलती बस में भीषण आग की यह सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने बस में फंसे बाकी लोगों को सुरक्षित निकलने में सफलता प्राप्त की थी। यद्यपि फायर ब्रिगेड के पहुंचने के पहले ही बस पूरी तरह से जलकर खाक हो चुकी थी। यह घटना तब हुई जब शुक्रवार की सुबह 10:30 बजे के आसपास करीब 35 यात्रियों से भरी एक बस दिल्ली से बनारस की ओर जा रही थी। इस दौरान रामादेवी चौराहे के पास अचानक बस में आग लग गई, फिर कुछ ही देर में आग ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया था। बस में रखा सामान धू-धूकर के जलने लगी थी। फिलहाल काफी यात्री घटना के बाद ही प्राइवेट वाहनों से अपने गंतव्य को चले गए थे और जो बचे थे। वह भी आज पुलिस के सहयोग से अपने घरों की ओर रवाना हो गए। इनमें से लगभग सभी यात्रियों के हाथ खाली रहे क्योंकि उनका सारा सामान इस बस में जलकर राख हो गया।

## सुवालका कलाल महासभा की कार्यकारिणी गठित

# शंकरलाल सुवालका प्रदेश सह-कोषाध्यक्ष नियुक्त

स्मार्ट हलचल

**भटेड़ा।** राजस्थान सुवालका (कलाल) महासभा संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष कैलाश चन्द्र सुवालका सांगानेर (भीलवाड़ा) द्वारा अपनी प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए - प्रदेश महामंत्री सत्यनारायण सुवालका गांगलास (बाबाधाम), श्यामलाल सुवालका (गेंता पारोली), बाबूलाल सुवालका गंगरार (चित्तौड़गढ़), प्रदेश सचिव देवेन्द्र सुवालका पीथास, प्रदेश सहसचिव सुरेश सुवालका



कांगणी, प्रदेश कोषाध्यक्ष अशोक कुमार सुवालका भीलवाड़ा, प्रदेश सहकोषाध्यक्ष शंकरलाल सुवालका, बेसकलाई (बनेड़ा), प्रदेश प्रवक्ता कैलाश सुवालका हलेड़ व हीरालाल सुवालका नीम का खेड़ा को नियुक्ति किया गया।

# सरसों के पीले फूलों से खेत महकें किसानों को बंपर पैदावार की उम्मीद



स्मार्ट हलचल

वजीरपुर उपखण्ड क्षेत्र और आस पास के गांवों में सर्दी मौसम के साथ सरसों की फसल लहलहाने लगी है।रबी सीजन की शुरुआत बुवाई वाले पौधों पर पीले फूल खिलने से खेतों में मानों पीली चुनरिया बिछ गई है। सरसों के चमकीले फूलों की सुंदरता और हल्की सुगंध लोगों को आकर्षित कर रही है। सड़क किनारे कई लोग सरसों के खेतों में फोटो लेते दिखाई दे रहे हैं। मीणा बड़ौदा गांव किसान मुनेश मीणा ताराचन्द्र मीणा बलराम मीणा वजीरपुर के किसान अशोक जाट संजय शर्मा ने बताया कि शुरूआती बुवाई वाले खेतों में फूलों की बहार देखकर किसानों के चेहरों पर अच्छी पैदावार की उम्मीद की मुस्कान लौट आई है। अक्टूबर के पहले सप्ताह में तापमान गिरने पर सरसों की बुवाई शुरू हुई थी। दीपावली के बाद मौसम अनुकूल रहने से फसल तेजी से बढ़ी और खेतों में पीले फूल खिलने लगे। वजीरपुर उपखण्ड क्षेत्र के मीणा बड़ौदा बडौली खेड़ला कुसाय रायपुर मैंडी खण्डीप फुलवाड़ा सेवा और श्यारौली सहित कई गांवों में सरसों के खेत पीले रंग से चमक रहें हैं। पौधों की अच्छी बढ़वार और रोग सहित फसल देखकर किसान बंपर उत्पादन कर रहे हैं। सहायक कृषि अधिकारी पिंटू मीणा ने बताया कि सरसों की फसल में सिंचाई की कम आवश्यकता होने से किसान इसे बड़े स्तर पर उगाते हैं। इस बार मौसम अनुकूल रहा तो सरसों का उत्पादन पिछले वर्षो की तुलना में बेहतर रहने की संभावना है।

# बीसलपुर बढ़ोतरी प्रस्ताव पर ग्रामीणों का महाविरोध: 63 गांवों की महापंचायत करेगी आज अगली लड़ाई तय

स्मार्ट हलचल

**सावर(अजमेर)।** बिसलपुर बांध की भराव क्षमता को एक मीटर बढ़ाने के प्रस्ताव का ग्रामीणों द्वारा विरोध किया जा रहा है। राष्ट्रीय विस्थापित समन्वय संघर्ष समिति के सदस्य इन दिनों क्षेत्र के विभिन्न गांवों में बैठकें कर किसानों को प्रस्ताव के प्रभावों के बारे में जागरूक कर रहे हैं। बैठकों में ग्रामीणों ने क्षमता बढ़ोतरी का सर्वसम्मति से विरोध किया। समिति के अध्यक्ष मुकुट सिंह राणावत ने बताया कि इस मुद्दे पर 30 नवंबर को नेगड़िया स्थित बाबा रामदेव



भंडारा परिसर में दोपहर 1 बजे बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें टोंक, अजमेर और भीलवाड़ा जिलों के कुल 63 गांवों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। टोंक जिले से 31, अजमेर से 17 और भीलवाड़ा जिले से 15 गांवों के किसान बैठक में भाग लेंगे।

बैठक में विस्थापित किसानों की समस्याओं और 20 सूत्रीय मांगों पर चर्चा की जाएगी। महापंचायत के बाद समिति द्वारा देवली उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। मांगों पर कार्रवाई के लिए प्रशासन को दो सप्ताह का समय देने का निर्णय लिया गया है।

समिति का कहना है कि यदि समय सीमा में मांगें नहीं मानी गईं, तो किसान उपखंड कार्यालय के बाहर शांतिपूर्ण धरना देंगे। इसके साथ ही समिति ने सभी 63 गांवों में जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय भी लिया है। बैठक में राज बहादुर रेगर, रामकुंवर, कुलदीप, संजय बैरवा, कालूराम मीणा सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# कांग्रेस की बीएलए-2 बैठक संपन्न

## बूथ प्रबंधन और मतदाता संपर्क पर दिया प्रशिक्षण



स्मार्ट हलचल

**भिनाय।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भिनाय द्वारा शनिवार को मिश्रा गार्डन, भिनाय में बीएलए-2 की बैठक ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गिरधारी लाल गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आगामी चुनावी तैयारियों को लेकर विस्तृत रणनीति और प्रशिक्षण दिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष गिरधारी लाल गुर्जर ने सभी बीएलए को एसआईआर से जुड़े नवीनतम दिशा-निर्देश, बूथ प्रबंधन, मतदाता संपर्क रणनीति, तथा संगठन की जमीनी मजबूती पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में संगठन को मजबूत व सक्रिय बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, जिसके लिए प्रत्येक बीएलए की भूमिका अहम है। प्रशिक्षण सत्र में पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष विजय धाभाई, कैलाश मिश्रा, नंदकिशोर शर्मा और हेमेंद्र बारोठिया ने भी मार्गदर्शन दिया। वक्ताओं ने सभी बीएलए से अपील की कि क्षेत्र के सभी पात्र मतदाताओं के नाम निर्वाचन सूची में जोड़वाना सुनिश्चित करें।

बैठक के दौरान देवलियां कलां मंडल अध्यक्ष मनीष सुकरिया, बांदनवाड़ा मंडल अध्यक्ष हेमेंद्र बारोठीया, गोमाराम चौधरी, कमला शर्मा, रामलाल वैष्णव, द्वारका गुर्जर, इस्माईल खान, शिवराज बैरवा, छोटूलाल रैगर, सुरेश शर्मा, तेजेन्द्र सिंह राठौड़, लक्ष्मण गुर्जर, नारायण प्रजापत, धर्मीचंद सैन, आशीष गंगवाल, रामदेव गुर्जर, भागचंद मिश्रा, सुरेश सोनी सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पुलिस की जीप ने घोड़ी को मारी टक्कर, घोड़ी की मौके पर हुई मौत ,घोड़ी सवार गंभीर घायल

स्मार्ट हलचल

**विराटनगर (जयपुर)।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के मेड शाहपुरा सड़क मार्ग पर शुक्रवार देर शाम करीब 7:00 बजे के लगभग शादी की रस्म बान बिनौरी के लिए जा रहे घोड़ी सवार को पीछे से आ रही पुलिस की गाड़ी ने टक्कर मार दी । टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि घोड़ी की मौके पर ही मौत हो गई । हादसे में 32 वर्षीय सुल्तान गुर्जर गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि घोड़ी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि बरवाड़ा निवासी सुल्तान अपनी घोड़ी के साथ मेड कस्बे की ओर जा रहा था। तभी शाहपुरा की तरफ की दिशा से आई पुलिस जीप ने पीछे से टक्कर मार दी । टक्कर इतनी तेज



थी की घोड़ी मौके पर गिरकर मर गई जबकि सुल्तान के चेहरे और गर्दन पर गंभीर चोटे आई। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने घायल को विराटनगर अस्पताल पहुंचाया जहां से हालत नाजुक होने पर चंदवाजी रेफर कर दिया गया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि सुल्तान मेहनत मजदूरी कर घोड़ी पालकर ही परिवार का गुजारा करता था।घोड़ी उसकी आय का एकमात्र साधन थी । हादसे के बाद उसका परिवार पत्नी ममता देवी ,बेटियां और एकलौता पुत्र अमर कुमार सदमे में है घोड़ी की मौत और सुल्तान की गंभीर हालत से परिवार पर संकट के बादल मंडरा गए ।

विराट नगर थाना अधिकारी सोहनलाल ने बताया कि मेड पुलिस चौकी की गाड़ी थाने से मेड जा रही थी । पालड़ी तिराहा के पास अचानक घोड़ी आ गई और टक्कर हो गई हादसे में घोड़ी की मौत हुई और सवार घायल हुआ घटना की पूरी जानकारी जुटा जा रही है गाड़ी में चालक के साथ एक कांस्टेबल मौजूद था।सवाल यह उठता है कि पुलिस की गाड़ी की स्पीड इतनी तेज थी की टक्कर के साथ ही घोड़ी की मौके पर मौत हो गई और सवार गंभीर घायल हो गया जहां एक और पुलिस यातायात नियमों का पालन के लिए अभियान चला रही है वहीं एक और ही पुलिस वाले गाड़ी को तेज स्पीड से चलाते हुए यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से पीड़ित को आर्थिक मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# आबकारी अधिनियम में फरार अभियुक्त को किया गिरफ्तार



स्मार्ट हलचल

**विराटनगर (जयपुर)।** विराटनगर थाना पुलिस ने क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए आप करिए अधिनियम के प्रकरण में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सोहनलाल ने बताया कि डीवाईएसपी उमेश कुमार निठारवाल के सुपरविजन में विराटनगर थाना पुलिस ने राजस्थान आप करिए अधिनियम 1950 के प्रकरण में वांछित अभियुक्त राकेश कुमार उम्र 34 वर्ष थाना विराटनगर को गिरफ्तार किया है।



# महिला-प्रधान फिल्म होगी कल्याणी प्रियदर्शन की अगली फिल्म

तमिल अभिनेत्री कल्याणी प्रियदर्शन लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं। हाल ही में रिलीज हुई उनकी फिल्म लोका ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की और उन्हें पैन-इंडिया स्टार के रूप में मजबूती भी दी। इस सफलता के बाद दर्शक और फैंस अब उनके अगले प्रोजेक्ट के बारे में जानने के लिए उत्सुक हैं। इस कड़ी में उनकी नई फिल्म की आधिकारिक जानकारी सामने आई है, जो उनके करियर के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। कल्याणी प्रियदर्शन की अगली फिल्म की खास बात यह है कि यह महिला-प्रधान कहानी है। फिल्म की पूरी कहानी एक महिला पात्र के इर्द-गिर्द घूमेगी और उसकी भावनाओं, संघर्षों और सफर को मुख्य रूप से दिखाया जाएगा। अभिनेत्री ने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म का निर्देशन थिरियम एस. एन. कर रहे हैं, जो इस फिल्म के जरिए निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। वहीं, फिल्म का निर्माण पोटेंशियल स्टूडियोज कर रहा है। यह फिल्म उनका सातवां प्रोजेक्ट है और इससे पहले वे माया, मानगरम, मॉन्स्टर, तानक्करन, इरुगापत्रु और ब्लैक जैसी फिल्मों का निर्माण कर चुके हैं। इन सफल फिल्मों के चलते दर्शकों का विश्वास इस बैनर पर पहले से ही बना हुआ है, और उम्मीद की जा रही है कि उनकी यह नई फिल्म भी उसी गुणवत्ता को आगे बढ़ाएगी। कल्याणी प्रियदर्शन की कामयाबी और पोटेंशियल स्टूडियोज की लगातार सफल फिल्मों की सीरीज ने इस नए प्रोजेक्ट को पहले ही एक बड़े स्तर पर पहुंचा दिया है। दर्शक यह देखने के लिए उत्साहित हैं कि कल्याणी इस बार किस तरह का किरदार निभाएंगी। फिल्म में कल्याणी के साथ देवदर्शिनी और नान महान अल्ला फेम विनोद किशन भी मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे। फिल्म की शूटिंग चेन्नई में शुरू हो चुकी है। फिल्म के डायलॉग्स प्रवीण भास्कर, श्री कुमार और खुद निर्देशक थिरवियम ने मिलकर लिखे हैं। संगीत की कमान तमिल फिल्म जगत के उभरते हुए संगीतकार जस्टिन प्रभाकरन ने संभाली है, जिनकी धुनें हमेशा दर्शकों पर गहरा प्रभाव छोड़ती हैं।



# नेचुरोपैथी का समर्थन करने के बाद हुई ट्रोलिंग पर सोनाली बेंद्रे ने तोड़ी चुप्पी

सोनाली बेंद्रे कैंसर सर्वाइवर हैं। उन्होने 2018 में इस खतरनाक बीमारी के खिलाफ जंग लड़ी। अभिनेत्री ने हाल ही में अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया कि कैंसर से जंग में नेचुरोपैथ भी उनके लिए काफी मददगार साबित हुई। इसके बाद वे मेडिकल प्रोफेशनल्स के निशाने पर आ गईं। डॉक्टर साइरिएक एबी फिलिप्स ने उनकी कड़ी आलोचना की है। उन्होंने सोनाली की पोस्ट पर सवाल उठाते हुए कहा कि, आपका कैंसर कीमोथेरेपी, रेडिएशन और सर्जरी से ठीक हुआ, ना कि नेचुरोपैथी से। आलोचनाओं और सवाल के बाद सोनाली बेंद्रे ने चुप्पी तोड़ी है और सोशल मीडिया पर एक और पोस्ट शेयर किया है।

## सोनाली ने नेचुरोपैथी को लेकर क्या कहा था?

सोनाली बेंद्रे ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किए गए एक पोस्ट में लिखा था, साल 2018 में जब मुझे कैंसर का पता चला तो मेरे नेचुरोपैथ ने मुझे ऑटोफैगी नाम की एक स्टडी के बारे में बताया। इसने मेरी रिकवरी में बहुत बड़ी भूमिका निभाई, इसलिए मैंने इसे पढ़ा, सीखा, प्रयोग किया और धीरे-धीरे इसे अपने रूटीन में शामिल कर लिया। मैं तब से इसे फॉलो कर रही हूं। सोनाली के इस सवाल पर डॉक्टर्स ने सवाल उठा दिए। डॉक्टर साइरिएक एबी फिलिप्स ने एक लंबा-चौड़ा पोस्ट शेयर कर किया। बता दें कि डॉक्टर साइरिएक एबी फिलिप्स भारतीय हेपेटोलॉजिस्ट हैं, जो सोशल मीडिया पर द लिवर डॉक के नाम से जाने जाते हैं।

## विरोध के बाद सोनाली ने तोड़ी चुप्पी

विरोध के बाद सोनाली ने अब एक अन्य पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा है, हम सभी का सहमत होना जरूरी नहीं है, लेकिन हमें एक-दूसरे को सिर्फ इसलिए खारिज करने से बचना चाहिए क्योंकि हम अलग-अलग तरीकों की तरफ झुकते हैं। सोनाली लिखती हैं, मैंने कभी डॉक्टर होने का दावा नहीं किया, लेकिन मैं पक्का कोई नीम-हकीम भी नहीं हूं। मैं एक कैंसर सर्वाइवर हूं, जिसने इस बीमारी से होने वाले डर, दर्द, अनिश्चितता और फिर से बनने की प्रक्रिया को झेला है।

### सोनाली बेंद्रे का फिल्मी करियर

सोनाली बेंद्रे का कहना है, मैं हमेशा अपनी यात्रा ईमानदारी और विनम्रता के साथ शेयर करूंगी। कभी किसी नुस्खे के तौर पर नहीं, बल्कि अपने अनुभव के तौर पर। बता दें कि सोनाली मेटास्टेटिक कैंसर के खिलाफ जंग लड़ चुकी हैं। अभिनेत्री के करियर की बात करें तो उन्होंने आग (1994) से डेब्यू किया था। वे सरफरोश (1999), हम साथ-साथ हैं (1999), हमारा दिल आपके पास है (2000), लज्जा (2001) और कल हो ना हो (2003) जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं।



# शाहरुख की फिल्म 'किंग' में अक्षय ओबेरॉय की हुई एंट्री

शाहरुख खान की आगामी फिल्म किंग की एक-एक अपडेट का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार रहता है। अब फिल्म को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। जानकारी आ रही है कि इस फिल्म में एक और कलाकार का नाम जुड़ गया है। जानिए उस अभिनेता के बारे में। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेता अक्षय ओबेरॉय ने आधिकारिक तौर पर पुष्टि कर दी है कि वह शाहरुख खान की बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म 'किंग' का हिस्सा हैं। आपको बताते चलें कि कई दिनों से चर्चा चल रही थी, अभिनेता इस फिल्म में नजर आने वाले हैं। हालांकि अब इसपर मुहर लगती दिख रही है। फिल्म किंग को सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट कर रहे हैं। फिल्म में दीपिका पादुकोण, रानी मुखर्जी, अनिल कपूर और अभिषेक बच्चन जैसे बड़े नाम भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। यह फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# मल्टीस्टारर धुरंधर में अहम किरदार में नजर आएंगी गीतिका गंजू

आदित्य धर के डायरेक्शन में बनी मोस्ट अवेटेड मल्टीस्टारर फिल्म 'धुरंधर सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। एक्शन से भरपूर फिल्म में एक्ट्रेस गीतिका गंजू अहम किरदार में नजर आएंगी। गीतिका का मानना है कि धुरंधर एक ऐसी फिल्म है, जिसे दर्शक काफी पसंद करेंगे। गीतिका गंजू का मानना है कि बहुत कम ऐसी फिल्में आती हैं जो कहानी कहने का तरीका बदल देती हैं और दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ने में सफल होती हैं। धुरंधर भी ऐसी ही फिल्म है। एक्ट्रेस गीतिका ने को-एक्टर रणवीर सिंह, संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर. माधवन, अर्जुन रामपाल और सारा अर्जुन जैसे स्टार्स के साथ काम करने को शानदार बताया। एक्ट्रेस ने कहा, धुरंधर एक जबरदस्त फिल्म बनने के साथ सिनेमाघरों में छाने को तैयार है। भारत में इस जॉनर को शायद पहले कभी इतनी सच्चाई और स्टाइल के साथ नहीं दिखाया गया। मैं इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनकर बहुत खुश और उत्साहित हूं। फिल्म की तारीफ करते हुए गीतिका ने स्पष्ट कहा, मेरा मानना है कि कुछ ऐसी फिल्म आती है, जो कहानी कहने का तरीका बदल देती है, धुरंधर वैसी ही फिल्म है। गीतिका ने बताया, आदित्य धर और लोकेश धर ने फिल्म के लिए खूब मेहनत की है, जिसका नतीजा स्क्रीन पर दिखेगा। आदित्य धर ने कहानी को बेहद बोल्ड और रियल तरीके से पेश किया है। गीतिका ने आगे कहा कि फिल्म का हर एक एक्टर खास है। राकेश बेदी, रणवीर सिंह और सारा अर्जुन के साथ काम करना उनके लिए यादगार रहा। रणवीर सिंह को एक्शन में देखने का अनुभव शानदार रहा। गीतिका गंजू ने अपनी एक्टिंग से खास पहचान बनाई है। आमिर खान प्रोडक्शंस की 'लाल सिंह चड्ढा', 'म्यूजिक मेरी जान', 'आर्या सीजन 2' और 'तनाव सीजन 2' जैसे सफल प्रोजेक्ट में उन्होंने अपनी छाप छोड़ी है।




# रणवीर सिंह से लेकर संजय दत्त तक
## खलनायक के रूप में नजर आए ये बड़े स्टार्स


**बॉलीवुड के कई मशहूर अभिनेताओं ने फिल्मों में विलेन का किरदार निभाया है। अपकमिंग फिल्म धुरंधर में अर्जुन रामपाल खलनायक के किरदार में नजर आने वाले हैं। इससे पहले भी कई अभिनेताओं ने फिल्मों में पारंपरिक खलनायक से अलग लुक रखा और अभिनय किया। दर्शकों ने इन्हें खूब पसंद किया। कई विलेन ऐसे रहे जो नायकों पर भारी पड़े और उनकी वजह से फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी चली।**



फिल्म सिंघम अगेन (2024) में **अर्जुन कपूर** ने डेंजर लंका का नेगेटिव किरदार निभाया है। उनका किरदार एक चालाक और तेज दिमाग वाला है। फिल्म में अजय देवगन, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह और कई कलाकारों ने अभिनय किया लेकिन अर्जुन कपूर के किरदार को दर्शकों ने काफी पसंद किया। फिल्म शैतान (2024) में



**आर माधवन** ने वनराज कश्यप का नेगेटिव किरदार निभाया। यह फिल्म गुजराती फिल्म वश पर आधारित थी। इसमें दिखाया गया है कि एक अजनबी एक लड़की को वश में करने के लिए काले जादू का इस्तेमाल करता है। इसमें आर माधवन के किरदार ने दर्शकों का ध्यान खींचा था। साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म एनिमल को दर्शकों ने काफी पसंद किया। इसमें **रणबीर कपूर** के किरदार के अलावा बॉबी देओल के नेगेटिव किरदार अबरार अहमद को पसंद किया गया। फिल्म में उनके कम संवाद, चमकीली आंखें और शांत गुस्से ने दर्शकों को हैरान कर दिया था। विलेन के रूप में बॉबी देओल को दर्शकों ने पसंद किया। फिल्म पद्मावत (2018) में **रणवीर सिंह** ने विलेन अलाउद्दीन खिलजी का किरदार निभाया। इस फिल्म में नायक से ज्यादा खलनायक को दमदार दिखाया गया। अलाउद्दीन खिलजी का किरदार बेरहम, जुनूनी और डरावना था। साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म अग्निपथ में **संजय दत्त** ने विलेन का किरदार निभाया। कानों में कुंडल और बिना बालों के संजय दत्त के लुक को काफी पसंद किया गया। फिल्म में वह ड्रग डीलर बने हैं। ऋतिक रोशन के अपोजिट संजय दत्त ने एक डरावना लेकिन आकर्षक अभिनय किया।





# भगवान शिव का किरदार निभाने को लेकर बोले मोहित मलिक

**मोहित मलिक ने डोली अरमानों की और कुल्फी कुमार बाजेवाला जैसे टीवी शोज से घर-घर में अपनी पहचान बनाई। वह दो दशक से भी ज्यादा समय से एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में काम कर रहे हैं। दर्जनों टीवी शोज और वेब सीरीज कर चुके मोहित मलिक किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। इस वक्त वह माइथोलॉजिकल शो महागाथा शिव परिवार की - गणेश कार्तिकेय में काम कर रहे हैं, जिसमें वह भगवान शिव का किरदार निभा रहे हैं। मोहित मलिक ने अपने इस किरदार के अलावा 8 घंटे की शिफ्ट पर छिड़ी बहस पर बात की।**

मोहित मलिक पहली बार माइथोलॉजिकल शो में काम कर रहे हैं। वह गाथा शिव परिवार की-गणेश कार्तिकेय में भगवान शिव के रूप में नजर आ रहे हैं। इस शो में काम करने की वजह पर वह कहते हैं, इस शो मेकर्स का नजरिया अलग था। उन्होंने मुझे कंवींस किया कि वह इसका प्रेजेंटेशन वैसे ही करेंगे जैसा उन्होंने मुझे बताया है। फिर इसमें शिव का रूप भी एकदम अलग है। वह उस तरह का टिपिकल नहीं है जैसा लोग अब तक देखते आए हैं। शिव और उनके परिवार को इंसानी रूप में दिखाया गया है। बकौल मोहित, शिव के आशुतोष रूप का प्रभाव मेरे ऊपर सबसे ज्यादा पड़ा है क्योंकि वह बहुत भोला है, दयालु हैं और सबको जल्दी से माफ कर देते हैं। मैं उनसे सबसे ज्यादा कनेक्ट करता हूं।

## AI का एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री पर कैसा रहेगा प्रभाव?

मोहित ने इस दौरान मनोरंजन जगत में AI पर भी बात की। जब हमने पूछा कि AI एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री को किस तरह प्रभावित करेगा? तो मोहित ने कहा, मुझे नहीं लगता है कि कभी पूरी तरह AI से फिल्में और शोज़ बनेंगे। हालांकि यह बहुत अच्छी तकनीक है लेकिन उसे एक सीमित मात्रा में ही इस्तेमाल करना चाहिए। मुझे नहीं लगता कि मैं कभी AI बेस्ड महाभारत देखूंगा क्योंकि मुझे असली परफॉर्मेंस, असली लोग, असली इमोशंस चाहिए। ऑडियंस भी एक्टर से कनेक्ट होती है। इसलिए मुझे नहीं लगता कि कभी पूरे AI बेस्ड शो बनेंगे।

## पैसे को लेकर आपका पहला सबक क्या है?

मेरी जिंदगी में पैसा कभी इतना महत्वपूर्ण नहीं रहा। मैं हमेशा से अच्छा काम करना चाहता था। बस इतना था कि मैं अपना घर खरीद लूं और गाड़ी ले लूं। लेकिन अब लगता है कि थोड़ा सा बैलेंस होना चाहिए क्योंकि अब मेरे पास परिवार है। जैसे पहले मैं रोल को तवज्जो देता था और सोचता था कि उसके लिए पैसों से समझौता कर लूंगा। लेकिन अब मैं पैसों को लेकर समझौता नहीं करता। अब मैं जो डिजर्व करता हूं, वह मांगता हूं और वह मिल भी रहा है।

## 8 घंटे नहीं 12 घंटे की वर्किंग शिफ्ट ठीक

मोहित मलिक ने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में काम के घंटों को लेकर कहा, हमारे यहां आमतौर पर 12 घंटे की शिफ्ट होती है और मुझे उससे कोई समस्या नहीं है। जो लोग यह कहते हैं कि बस आठ घंटे की वर्क शिफ्ट होनी चाहिए, तो यार आप प्रोड्यूसर और डायरेक्टर के बारे में भी तो सोचो। एक एक्टर सेट पर आता है, फिर एक घंटा वह मेकअप करवाता है। तो आठ घंटे में कितना ही काम होगा। मुझे 12 घंटे ठीक लगते हैं। मैं उससे ज्यादा शूटिंग नहीं करता। हां, ये जरूर है कि शूटिंग के घंटे 14 नहीं होने चाहिए। 14 घंटे आप बतौर एक्टर काम कर भी नहीं सकते। 12 घंटे से ज्यादा काम करना आसान नहीं होता। मगर आठ घंटे से प्रोड्यूसर का बहुत नुकसान होगा।

## आपकी पहली कमाई क्या थी?

मेरी पहली कमाई दिल्ली में थी और उससे मैंने कुछ खरीदा नहीं था। मैंने अपनी दादीजी को जाकर चेक दे दिया था। उसके बाद तो मैंने शुरू में कपड़े खरीदना और जो लड़कों के शौक होते हैं, वह पूरे किए थे।

## आपका सेविंग मंत्र क्या है?

सेविंग मंत्र है कि लगभग 30-40 फीसदी कमाई में से बचाना होता है। ज़ाहिर है कि सेविंग करना बहुत जरूरी है क्योंकि हम जिस ऐक्टिंग की इंडस्ट्री में हैं, वह बहुत ही अनिश्चित है। हालांकि हम देखते हैं कि हमारा मासिक खर्च कितना है और हम कितना बचा सकते हैं।

आपने अब तक सबसे महंगा खर्च क्या किया है?

सबसे महंगा तो मैंने अपना घर ही लिया है मुंबई में।

## आपका रिटायरमेंट प्लान क्या है?

मैंने उसे लेकर कोई प्लान नहीं बनाया है। इसलिए चाहता हूं कि जब तक जिंदा रहूं, एक्टिंग करता रहूं।

आप युवाओं को क्या सलाह देना चाहेंगे?

पैसे की सेविंग बहुत जरूरी है। और उसी के साथ जिंदगी एंजॉय करनी भी जरूरी है। सिर्फ सेविंग के चक्कर में आज की जिंदगी मत गंवाओ। तो जितना कमा रहे हो, उसमें से थोड़ा एंजॉय करने के लिए खर्च करो। मगर पूरा मत खर्च करो। थोड़ा सेविंग भी करो।

# रबी में लगायें गेहूं

**कमांड क्षेत्रों में दो फसल या आंशिक क्षेत्रों में तीन फसली कार्यक्रम के चलते आमतौर पर गेहूं की बुआई पिछड़ जाती है। पिछले 3 वर्षों से मानसून का मिजाज कुछ इस तरह बदला की खरीफ की प्रमुख फसल सोयाबीन की बुआई जुलाई की सीमा पारकर गई और उसकी कटाई में विलम्ब होने के कारण भूमि में नमी भी अपर्याप्त रह गई फलस्वरूप गेहूं की विलम्ब से बुआई करने की मजबूरी चुनौती बनकर उभरी, कपास, मिर्च, गन्ना काटने के बाद भी यही समस्या सामने रहती है। इस तरह गेहूं की पिछेती बुआई का रकबा सितंबर तक बढ़ता ही जा रहा है। उत्पादन में आंशिक फर्क ही आ पाये इस लिये पिछली गेहूं की बुआई तकनीकी का प्रार्दुभाव हुआ जिसे कृषकों को अंगीकरण करना आज की आवश्यकता बन गई है।**



## बीज दर- 125 किलो/हे.

गेहूं की फसल की बुवाई के समय 20-25 डिग्री सेल्शियस तापमान होना उपयुक्त रहता है। जिससे बीजों का अंकुरण अच्छा होता है तथा फसल का जमाव अधिक व जल्दी होता है। किंतु दिसम्बर-जनवरी माह में पिछेती गेहूं की बुवाई के समय तापमान घटकर 10 डिग्री सैल्शियस के आसपास आ जाता है जिससे बीजों का अंकुरण धीरे होता है तथा पौधों का जमाव कम व देर से होता है। अतः बीजों का जल्दी अंकुरण प्राप्त करने, अंकुरण क्षमता बढ़ाने व कम तापमान से होने वाले प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए उपयुक्त बीजोपचार करना चाहिए।

## बीजोपचार

परीक्षणों से पता चलता है कि 4-5 प्रतिशत पोटेशियम डाई सल्फेट या 0.1 प्रतिशत साइकोसिल या 2.5-3.0 प्रतिशत सोडियम क्लोराईड (साधारण नमक) के घोल में 18-24 घंटे डुबोकर बीज उपचार करने से न केवल बीजों के अंकुरण पर अनुकूल प्रभाव पड़ता है बल्कि इससे पौधों का जमाव भी अधिक व जल्दी होता है। इसके अतिरिक्त पौधों में अधिक ठंड से होने वाले प्रतिकूल प्रभाव के प्रति लड़ने की क्षमता बढ़ जाती है। उपरोक्त सभी कारणों से सामान्य बीज की अपेक्षा 2-3 क्विं. प्रति हेक्टेयर की उपज में वृद्धि होती है।


बीज जनित रोगों से बचाव हेतु दो ग्राम पारद फफूंदनाशी या थायरम या दो से ढाई ग्राम मेन्कोजेब प्रति किलो बीज की दर से बीज को उपचारित कर बुवाई के काम में लें। अनावृत कण्डुआ एवं पात कण्डुआ का प्रकोप हो वहां नियंत्रण हेतु वीटावेक्स या कार्बेण्डाजिम 2 ग्राम प्रति किलो बीज की दर से बीज को उपचारित करें।

## बीज एवं बुवाई

अधिक बीज दर रखने के कारण कतारों की दूरी कम करके 18-20 सेंटीमीटर रखना लाभदायक रहता है. पौधों के बीच की दूरी 6 से 8 सेन्टीमीटर तक रखी जाती है। परीक्षणों से ये ज्ञात हुआ है कि गेहूं की प्रचलित विधियों की अपेक्षा क्रास (आर-पार) बुवाई से उत्पादन में 4.5 क्विं./हेक्टे. वृद्धि हो जाती है। इस विधि को अपनाने पर पौधों के बीच की प्रतिस्पर्धा कम हो जाती है। गेहूं की अधिक पैदावार लेने के लिये बीज की मात्रा व कतारों की दूरी इस प्रकार निर्धारित करनी चाहिए कि प्रति वर्ग मीटर 400-500 बाली युक्त पौधे प्राप्त किये जा सकें। बुवाई 4-5 सेन्टीमीटर की गहराई पर करना चाहिए।

पिछेती गेहूं में 130-200 किलो यूरिया, 250-280 किलो सिंगल सुपर फास्फेट तथा 33-40 किलो म्यूरेट ऑफ पोटाश प्रति हैक्टेयर की आवश्यकता होती है। मिट्टी की उर्वराशक्ति तथा बोई जाने वाली किस्म की उत्पादकता तथा पिछेती गेहूं से पूर्व में ली गई फसल के अनुसार नाइट्रोजन, फास्फोरस व पोटाश की मात्रा कुछ घटाई-बढ़ाई जा सकती है। तापक्रम कम होने के कारण मृदा में उपस्थित फास्फोरस की उपलब्धता कम हो जाने के कारण गेहूं की प्रारंभिक बढ़वार कम होती है इसलिये पिछेती गेहूं की अच्छी उपज लेने के लिये फास्फोरस का प्रयोग अत्यंत आवश्यक है. जस्ते की कमी वाले क्षेत्रों में, विशेषकर धान-गेहूं फसल पद्धति अपनाई जाती हो, बुवाई से पूर्व प्रति हेक्टेयर 25 किलो जिंक सल्फेट या 10 किलो चिलेटेड जिंक नाइट्रोजन के साथ मिला कर दें। जिन खेतों में मैंगनीज की कमी पायी जाये वहां बुवाई के समय 20 किलो मैग्नीज सल्फेट उर्वरकों के साथ ऊर कर दें. फास्फोरस तथा पोटाश की पूरी मात्रा तथा नाइट्रोजन की भारी मिट्टी में आधी तथा हल्की रेतीली मिट्टी में एक तिहाई मात्रा बुवाई के समय ऊर कर दें। भारी मिट्टी के लिये शेष आधी मात्रा पहली या दूसरी सिंचाई के साथ दें। खड़ी फसल में नाइट्रोजन सामान्यतः पहली सिंचाई की अपेक्षा दूसरी सिंचाई के बाद देना लाभप्रद है।

हल्की मिट्टी में शेष बची दो तिहाई मात्रा में से एक तिहाई पहली सिंचाई तथा एक तिहाई दूसरी सिंचाई के साथ यूरिया उर्वरक के रूप में दें। पहली सिंचाई बुवाई के 25-27 दिन बाद दें। किंतु मध्य फरवरी के बाद तापमान बढ़ जाता है व बालियां निकलने के बाद से फसल पकने तक फसल को गर्म व कुछ तेज हवाओं का सामना करना पड़ता है जिससे फसल की जल मांग भी बढ़ जाती है साथ ही दूधिया अवस्था, फूल आने की अवस्था तथा दाना सख्त होने की अवस्था सिंचाई हेतु क्रान्तिक अवस्थायें होती हैं। अतः इस समय भूमि में पर्याप्त नमी का होना अति आवश्यक है। अतः इस समय सिंचाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए अन्यथा दाना पतला पड़ जाता है फलस्वरूप उपज कम होने का भय रहता है। इन चारों अवस्थाओं के अतिरिक्त गेहूं की कल्लों के अच्छी तरह निकल जाने की अवस्था तथा तने में गांठें बनने की अवस्था भी सिंचाई की दृष्टि से क्रान्तिक अवस्थायें होती हैं। अतः इस समय भी खेत में नमी की कमी नहीं होनी चाहिए। सिंचाई हल्की करना चाहिए। विशेषकर फूल आने के बाद जिससे मार्च-अप्रैल में चलने वाली गर्म व तेज हवाओं से फसल आड़ी न गिर पाये। कुल मिलाकर पिछेती गेहूं में समय से बुवाई की अपेक्षा 1-2 अधिक सिंचाईयों की आवश्यकता होती है।



## बुवाई का उपयुक्त समयः-25 दिसम्बर तक

किस्मों का चुनावः पिछेती गेहूं के लिये गेहूं की किस्मों का चयन करते समय विशेष ध्यान रखना चाहिए। पिछेती बुवाई के लिये उन किस्मों को बोना चाहिये जो कम समय में पकने वाली हों क्योंकि देरी से बुवाई करने पर पकते समय तापक्रम अधिक होने से पैदावार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अतः कम समय में पकने वाली किस्मों को बोने से स्थानीय तापक्रम बढ़ने से पहले पकने लग जायेगी तथा इसकी पैदावार पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। पिछेती गेहूं की बुवाई के लिये कई किस्मों को बोने की सिफारिश की गई है जिनमें राज 3777, राज 3765, राज 3077, एच.डी. 2285. एन.डी.2236, राज 2184, लोक-1, जी.डब्ल्यू.173, जी. डब्ल्यू. 273, एच.आई. 8498, डी. एल. 803, डीएल 788-2, आभा, जे.डब्ल्यू 4010, एम.पी. 1202 इत्यादि.



# चना फसल से बढ़ेगा उत्पादन

चना रबी मौसम की प्रमुख दलहनी फसल है। चने में लगने वाली इल्ली व उकठा रोग का प्रकोप इसकी उत्पादकता में प्रमुख बाधा है साथ ही कुछ क्षेत्रों में परम्परागत पुरानी किस्मों का उपयोग भी कम उत्पादकता का कारण है।



## खेत की तैयारी

खरीफ मौसम के खाली पड़े खेतों में सितम्बर में या अक्टूबर के प्रारंभ में बार-बार जुताई करें ताकि बारिश की नमी का संरक्षण हो सके। खेत से कचड़ा आदि एकत्र कर नष्ट कर देना चाहिए व पाटा लगाकर बुवाई का कार्य करें। अथवा पलेवा लगाकर बोनी करें।

## उर्वरकों का उपयोग

दलहनी फसल होने के कारण चने को 743 कि.ग्रा. यूरिया व 373 कि.ग्रा. सिंगल सुपर फास्फेट की आवश्यकता सिंचित अवस्था में होती है एवं असिंचित अवस्था में 20 कि.ग्रा. यूरिया व 187 कि.ग्रा.फास्फेट, अंतिम जुताई से पूर्व एक कि.ग्रा. पी.एस.बी. कल्चर को 50 कि.ग्रा. गोबर की खाद में मिलाकर खेत में भुरकाव करने से अच्छे परिणाम मिलते हैं।

## उन्नतशील प्रजातियाँ

बीज, फसल उत्पादन का महत्वपूर्ण आदान हैं। अतः बुवाई पूर्व स्वस्थ, सुडौल, रोग रहित प्रजातियों का बीज एकत्र कर रख लेना चाहिए।

## बीज दर एवं बीजोपचार

देशी चने का 75 कि.ग्रा. जबकि बड़े आकार के काबुली चने की 125 कि.ग्रा. मात्रा प्रति हे. के मान से उपयोग करना चाहिए ताकि एक वर्गमीटर क्षेत्र में 25-30 पौधे हों। बुवाई के समय लाइन से लाइन की दूरी 30 से.मी. तथा पौधे से पौधे की दूरी 10 से.मी. होना चाहिए. बोनी से पूर्व बीज को कार्बेन्डाजिम अथवा कार्बोक्सिन की 2 ग्राम मात्रा द्वारा प्रति कि.ग्रा. की दर से उपचारित करें. तत्पश्चात् राइजोबियम व पी.एस.बी. कल्चर से बीज का निवेशन करें इस हेतु 250 ग्राम गुड़ के घोल में कल्चर मिलाकर फिर बीज को उपचारित करें।

## अन्य शस्य क्रियाएं

बुवाई के 25-30 दिन बाद निंदाई कर घास निकालें. ताकि नमी का ह्रास न हो। इसी समय चने की खुटाई करना चाहिए ताकि अधिक से अधिक शाखायें निकल सकें।

बुवाई से पूर्व खेत में भलीभांति तय कर लें कि पर्याप्त नमी है तभी बुवाई करें। चने की फसल में 45-60 दिन के भीतर सिंचाई करें। ध्यान रहे कि फूल आते समय सिंचाई न करें। हल्की भूमि में नमी की कमी होने पर फली लगते समय भी सिंचाई की जानी चाहिए।

## कटाई, गहाई व उपज

परिपक्व अवस्था में आने पर फलियाँ सूखकर पीली पड़ती हैं एवं पत्तियाँ झड़ने लगती हैं। इस समय कटाई करना चाहिए। फसल की कटाई कर 2-3 दिन तक खेत में पड़ा रहने दें तत्पश्चात् गहाई करें। इस प्रकार 15-20 क्विं. किस्मों के अनुसार उत्पादन मिलता है। दानों को भलीभांति सुखाकर 8-10 प्रतिशत नमी पर भंडारित करना चाहिए।



## किस्म

जे.जी. 315
जवाहर 218 जे.जी. 130 जे.जी. 412
जे.जी.16 जे.जी.11 जे.जी. 74 1 आईसीसीव्ही.10 (विजय)
भारती जे.जी.1
जे.जी.के.1

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com